हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 13.4 डिग्री

12 चार समूहों की जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 77 से ज्यादा गांवों में जल्द पहुंचेगा साफ पानी



13 जांच के लिए अफसर पहुंचे तो सेल्समैन ने आने से किया इनकार, ग्रामीणों में रोष





## खबर संक्षेप

### जनदर्शन 18 से अब होगा हर बुधवार

**दुर्ग।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर जनदर्शन के आयोजन दिवस में परिवर्तन किया गया है। अब तक यह जनदर्शन प्रत्येक सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाता रहा। जिले में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण एवं दौरों के कारण कार्यालयीन कार्यों तथा आम नागरिकों से भेंट के समय में अनियमितताएं सामने आ रही थीं। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित करने एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत आगामी 18 फरवरी से कलेक्टर जनदर्शन प्रति सप्ताह बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा।

### आज और कल नहीं होगी पेयजल की सप्लाई

**भिलाई।** चंद्रा मौर्या उच्चस्तरीय जलागार टंकी का आउटलेट वाल्ब खराब हो गया है। इस वाल्ब की जगह नया आउटलेट वाल्व लगाया जा रहा है। जिसकी वजह से इस तकनीकी सुधार कार्य के कारण संबंधित क्षेत्रों में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी 13 फरवरी शुक्रवार शाम की जल आपूर्ति पूर्णत बंद रहेगी। 14 फरवरी शनिवार सुबह की जल आपूर्ति बंद रहेगी। कार्य पूर्ण होने के पश्चात 14 फरवरी की शाम से जल आपूर्ति पुनः सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी। नगर निगम प्रशासन प्रभावित क्षेत्र के निवासियों से अपील करता है कि कृपया अपनी आवश्यकतानुसार जल का संचय पहले से कर लें।

### साइबर धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा में खुलासा

# 26 मामलों में 6 खाताधारकों ने किया 50 लाख रुपए का संदिग्ध लेन-देन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए दुर्ग पुलिस की साइबर सेल ने विशेष अभियान चलाकर दुर्ग निवासी छह खाताधारकों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि बैंक खातों के माध्यम से ठगी की रकम का लेन-देन किया गया और चेक सहित अन्य तरीकों से राशि निकाली गई। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिले में दर्ज साइबर धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा की गई। इसी दौरान विभिन्न बैंकों के खातों में संदिग्ध ट्रांजेक्शन का इनपुट मिला।

11 फरवरी 2026 को विशेष टीम गठित कर अभियान चलाया गया और छह खाताधारकों को चिन्हित कर पूछताछ की गई। उनके विरुद्ध विधिवत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जांच में एक बैंक खाते के जरिए कुल 26 अलग-अलग शिकायतों से जुड़ी राशि का लेन-देन होना पाया गया। एक अन्य खाते में 13 लाख रुपये का संदिग्ध ट्रांजेक्शन सामने आया। इसके अलावा 15 हजार, 38 हजार 800 रुपये और 50 लाख रुपये तक की रकम के संदिग्ध लेन-देन की पुष्टि हुई है। पुलिस का कहना है कि इन खातों के माध्यम से ठगी की रकम प्राप्त कर उसे आहरित कर उपयोग किया गया। जिन खाताधारकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें दुर्ग निवासी रूपेश बंजारे, आज़ेन्द्र साहू, जावेद शेख, सरस्वती निषाद, हेमा बिनानी और अभिषेक गुप्ता शामिल हैं। पुलिस ने संबंधित बैंक खातों के दस्तावेज, लेन-देन के अभिलेख, चेक और अन्य बैंकिंग दस्तावेज जब्त किए हैं। कुछ मामलों में पहले से अपराध दर्ज हैं, जबकि अन्य मामलों में नए अपराध क्रमांक दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## साइबर अपराध पर दुर्ग पुलिस का शिकंजा



ओजेंद्र साहू | गणेश राजपूत | सोहेल खान | अभिषेक गुप्ता | जबीन निशा | सरस्वती बिहार

### म्यूल अकाउंट से ऑनलाइन ठगी, बैंक खाते जमा हुए साइबर ठगी के 3.05 लाख रुपए, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सुपेला पुलिस ने म्यूल अकाउंट के जरिए ठगी की रकम प्राप्त करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई भारत सरकार के गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल से मिली सूचना के आधार पर की गई। जांच में सामने आया कि एचडीएफसी बैंक की सुपेला शाखा में रूपेश बोबड़े, उम्र 32 वर्ष, निवासी अनंतपुरम, जुनवानी थाना स्मृति नगर ने एक बैंक खाता खुलवाया था। पुलिस के अनुसार यह खाता ऑनलाइन ठगी की रकम ट्रांसफर और प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। 1 जून 2025 से 11 फरवरी 2026 के बीच इस खाते में कुल 3,05,273 रुपए की संदिग्ध ऑनलाइन राशि जमा होना पाया गया। मामले की पुष्टि के बाद थाना सुपेला में अपराध दर्ज कर बीएनएस की धारा 317(2) और 318(4) के तहत आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बैंक खाते से जुड़े दस्तावेज और संदिग्ध लेनदेन का विवरण जब्त किया है। प्रकरण की विवेचना जारी है और यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी किसी बड़े साइबर गिरोह से जुड़ा है या नहीं।



■ गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल से मिली सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई

#### तुरंत करें थाने में शिकायत



पुलिस साइबर ठगी को लेकर लोगों को जागरूक करती रहती है। लोगों से अपील है कि किसी प्रकार की साइबर ठगी से संबंधित काल, लिंक या बैंकिंग जानकारी दूसरे से साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लेन-देन की सूचना तत्काल साइबर हेल्प लाइन 1930 या निकटतम थाने में करें। **-विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

# आवासीय और व्यावसायिक 100 भूखण्डों को 30 साल के लिए निगम देगा लीज पर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम सालों से खाली पड़े आवासीय और व्यवसायिक दुकानों को लीज पर देगा। 30 साल की लीज पर लोगों को ये खाली जगह निगम उपलब्ध करवाएगा। निगम ने ऐसे 100 खाली जगह चिहिंत किए हैं। इन जगहों को लेने के लिए आनलाइन पोर्टल में आवेदन कर सकते हैं। निगम द्वारा राजस्व बढ़ाने की दिशा में यह कार्य किया जा रहा है। मोतीलाल नेहरूनगर और बसंत विहार आवासीय योजना में सर्वाधिक ब्लॉक खाली हैं।

निगम के मुताबिक मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय योजना के कई भूखंड खाली है। जिसमें ब्लाक ई भूखण्ड क्रं. 2 आकार 178 वर्ग मीटर, ब्लाक ई भूखण्ड क्रं. 5 आकार 177.60 वर्ग मीटर, ब्लाक डी भूखण्ड क्रं. 3 आकार 180 वर्ग मीटर, ब्लाक सी भूखण्ड क्रं. 8 आकार 216 वर्ग मीटर, ब्लाक 90 भूखण्ड क्रं. 5 व 7 आकार 135 वर्ग मीटर, ब्लक जे भूखण्ड क्रं. 5 आकार 63 वर्ग मीटर, ब्लाक के भूखण्ड क्रं. 4, 9 एवं 10 आकार 63 वर्ग मीटर का है। दक्षिण गंगोत्री व्यवसायकि योजना ब्लाक 5 ए भूखण्ड क्रं. 6 व 7 आकार 33.75 वर्ग मीटर। मदर टेरेसा नगर आवासीय योजना ब्लाक 31 भूखण्ड क्रं. 2 एवं 3 आकार 216 वर्ग मीटर। प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम व्यवसायिक योजना ब्लाक 2 भूखण्ड क्रं. 3, 4, 5 एवं 6 आकार 72 वर्ग मीटर। प्रियदर्शिनी परिसर, संजय नगर तालाब के पास में जी. ई. रोड सुपेला में 14950 वर्ग मीटर है।





#### बसंत विहार आवासीय योजना में ये मकान खाली

निगम के मुताबिक बसंत विहार आवासीय योजना ब्लाक 1 टाइप-बी एमआईजी-1 भूखण्ड क्रं. 1 से 14 आकार 216 वर्ग मीटर। ब्लाक 2 टाईप-बी एमआईजी-1 भूखण्ड क्रं. 1 से 16 आकार 216 वर्ग मीटर। ब्लाक 5 टाईप-डी एलआईजी-1 भूखण्ड क्रं. 1 से 11 एवं 13 से 24 आकार 135 वर्ग मीटर। ब्लाक 6 टाईप-डी एलआईजी-1 भूखण्ड क्रं. 2 से 10 एवं 13 से 22 आकार 135 वर्ग मीटर। ब्लाक 13 टाईप-ए एचआईजी भूखण्ड क्रं. 2 से 6 एवं 9 आकार 270 वर्ग मीटर। ब्लाक 14 टाईप-ए एचआईजी भूखण्ड क्रं. 3, 4 एवं 12 आकार 270 वर्ग मीटर का शामिल है।

#### ऑनलाइन पोर्टल में पंजीयन प्रक्रिया

लीज पर लेने वाले को आनलाईन पोर्टल में पंजीयन पूर्ण करना होगा तथा स्वयं का डिजिटल सिग्नेचर टोकन तैयार करना है। डिजिटल सिग्नेचर टोकन, किसी भी अधिकृत च्वाईस सेंटर से बनवाया जा सकता है। टोकन बनवाने पश्चात पोर्टल में पंजीयन से प्राप्त आई.डी. पासवर्ड एवं डिजिटल सिग्नेचर टोकन पिन के माध्यम से निविदा प्रक्रिया में भाग लिया जा सकता है। भूखण्ड हेतु निर्धारित धरोहर राशि आनलाईन पोर्टल पर जमा किया जाना है। अधिकतम प्रब्याजि राशि पर आवासीय प्रयोजन हेतु 0.30 प्रतिशत एवं व्यावसायिक प्रयोजन हेतु 0.60 प्रतिशत वार्षिक भू-भाटक देय होगा।

## परसदा खार में मिली 10 दिन पुरानी महिला की लाश

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा खार में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह शव केवल्य धाम के पीछे मिला है। सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष है। शव की स्थिति को देखते हुए अनुमान है कि महिला की मृत्यु लगभग 10 से 15 दिन पहले हुई होगी। अधिक समय बीत जाने के कारण तत्काल पहचान संभव नहीं हो सकी है। इस मामले में थाना कुम्हारी में मर्ग कायम कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया है कि महिला के हाथ पर विनोद शर्मा नाम का टैटू अंकित है। यह टैटू पहचान का महत्वपूर्ण आधार हो सकता है। घटनास्थल से महिला के पहने हुए कपड़े, चूड़ी, कंगन और चप्पल बरामद किए गए हैं।

## शासकीय कार्य में बाधा के दो और आरोपी गिरफ्तार, जमानत पर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जमीन रजिस्ट्री की बढ़ी दरों के विरोध में पटेल चौक पर हुए मार्ग जाम और पुलिस से हाथापाई के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो और आरोपियों शुभम सिंह राजपूत उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड 16 कर्मचारी नगर शिव मंदिर के पास दुर्ग और गीतेश कुमार ठाकुर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खुरशीटिकुल पो. सुरडोंगर जिला बालोद हाल पता वार्ड क्रमांक 16 कर्मचारी नगर दुर्ग को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक कुल 8 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

■ मामला पटेल चौक मार्ग जाम के दौरान हुआ था विवाद, दो से अधिक अब भी फरार

पुलिस के अनुसार मामला 1 दिसंबर 2025 का है। बीएसएनएल ऑफिस के सामने कुछ लोगों ने बिना अनुमति प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी थी। पुलिस के मुताबिक, मौके पर मौजूद बल ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति बिगड़ गई। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से हाथापाई की गई और आवागमन बाधित किया गया। इस दौरान प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर, आरक्षक केशव कुमार, तुषार सलामे, अजय साहू और हिमांशु जंघेल को चोटें आईं। घटना के बाद थाना सिटी कोतवाली में बीएनएस की धारा 221, 126(2) और 191(2) के तहत मामला दर्ज किया था। 6 आरोपियों अनिल वासनिक उम्र 43 वर्ष निवासी अंबेडकर नगर दुर्ग, विक्की चंद्राकर उम्र 32 वर्ष निवासी शीतला नगर दुर्ग, दिनेश पाण्डेय उम्र 35 वर्ष निवासी गयानगर दुर्ग, राकेश यादव उम्र 38 वर्ष निवासी गयानगर दुर्ग, जितेन्द्र बत्रा उम्र 41 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी स्टेशन रोड दुर्ग और मनोज राजपूत उम्र 50 वर्ष निवासी सिकोला भाठा दुर्ग को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब दो अन्य आरोपी शुभम सिंह राजपूत और गीतेश कुमार ठाकुर को उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया। सक्षम जमानतदार पेश करने पर दोनों को जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इनमें यशवंत सिंह राजपूत उम्र 33 वर्ष निवासी बोरसी दुर्ग, ओमप्रकाश कोटवानी सहित अन्य शामिल हैं।



## भाई के हत्यारे को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नेवई थाना अंतर्गत स्टेशन मरोदा स्थित डबरी के पास करीब ढाई साल पहले हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी भाई दीपक राजपूत को आजीवन कारावास से दंडित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधी के विनोद कुजूर के न्यायालय से यह फैसला आया।

प्रकरण में लंबी सुनवाई के बाद प्रार्थी और आरोपी की पत्नी बीना राजपूत की गवाही सबसे अहम मानी गई। कोर्ट ने आरोपी को धारा 302 में आजीवन और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 201 में 5 वर्ष और 1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। राशि अदा नहीं करने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

■ गमछा, नाइलोन के कपड़े और पत्थर से बांधकर तालाब में फेंका था शव को

प्रकरण के मुताबिक घटना 17 सितंबर 2023 को रात करीब 8.45 बजे की है। बीना राजपूत जब घर पहुंची, तो उसने देखा कि उसका देवर सन्नी उर्फ नेपाली राजपूत बिस्तर में मृत पड़ा हुआ था। उसके शरीर में चोट के निशान थे। पास में ही उसका पति दीपक राजपूत मौजूद था। बाद में मृतक को गमछे, नाइलोन और लाल रंग के कपड़े के सहारे पत्थर बांधकर डबरी में फेंक दिया गया।

बाद में मृतक का शव तालाबनुमा डबरी से बाहर निकाला गया। नेवई पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की। जांच के बाद आरोपी दीपक राजपूत के पारिवारिक झगड़े के कारण हत्या करने की बात सामने आई। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। प्रकरण के विचारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया।

## पिस्टल लहराकर लोगों को डराने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** सुमित बाजार के पास, स्टेशन रोड क्षेत्र में पिस्टल लहराकर लोगों को डराने वाले तीन युवकों को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई करते हुए एक नकली पिस्टल जब्त की गई है।

जानकारी के अनुसार इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें तीन लोगों द्वारा वाहन में बैठकर नकली पिस्टल लहराते हुए लोगों को डराने का काम किया जा रहा था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित वीडियो को संज्ञान में लेते हुए थाना मोहन नगर पुलिस द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ की गई।



जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर वाहन से उतरकर नकली पिस्टल के माध्यम से लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया तथा उक्त वीडियो को इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड किया गया। पुलिस ने जांच के बाद जयदीप कांडा उम्र 36 वर्ष, निवासी संतरा बाड़ी तरुण टॉकीज के पास दुर्ग, गगनप्रीत सिंह उम्र 37 वर्ष निवासी सुमित बाजार के बाजू वाली गली पोलसाय पारा दुर्ग और पवनदीप सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी गुरु नानक नगर चीखली को गिरफ्तार किया।







## खबर संक्षेप

### अधिकारियों के लिए कार्यालयीन व दौरा दिवस निर्धारित

दुर्ग। राज्य शासन ने अधिकारियों की कार्यालयीन उपस्थिति एवं क्षेत्र भ्रमण को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शासन के अनुसार विभिन्न विभागों के अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण एवं दौरा के कारण कार्यालयीन कार्य प्रभावित हो रहे थे तथा आम जनता से भेंट के समय में अनियमितता हो रही थी जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी अब प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने-अपने मुख्यालय एवं कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इन दिनों में कार्यालयीन नस्तियों का निराकरण, विभागीय समीक्षा एवं आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं क्षेत्रीय निरीक्षण, फील्ड विजिट एवं अन्य बाह्य कार्यों के लिए केवल गुरुवार एवं शुक्रवार निर्धारित किए गए हैं। अधिकारियों को अपने दौरा कार्यक्रम इसी समयावधि में तय करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष परिस्थितियों जैसे कानून-व्यवस्था, अत्यावश्यक शासकीय कार्य अथवा वरिष्ठ कार्यालय द्वारा आहूत बैठकों की स्थिति में ही इस समय-सारणी में परिवर्तन मान्य होगा। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार का उल्लंघन अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाएगा।

### नए पंचायत भवन के लिए 12.93 लाख स्वीकृत

दुर्ग। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे द्वारा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत विकासखण्ड धमधा के ग्राम ढाबा में नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए 12 लाख 93 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो का संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी।

### पंप स्थापना के लिए 1 लाख की मिली स्वीकृति

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लिए 01 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढौर (कचांदुर) वार्ड 20 में नवीन पानी टंकी के पास वायरिंग पेयजल हेतु 3 एचपी मोटर पंप स्थापना हेतु 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### आवास लोन मेला 16 से 19 फरवरी तक आयोजित




दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिवस के रूप में आवास लोन मेला का आयोजन 16 से 19 फरवरी किया जा रहा है। इस विशेष पहल के माध्यम से ऐसे हितग्राही, जिन्हें अपने मकान निर्माण या खरीद हेतु बैंक लोन की आवश्यकता है, वे इस मेले में शामिल होकर विभिन्न बैंकों से सीधे संपर्क कर आवास ऋण की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यह मेला 16 फरवरी को जोन कार्यालय बोरसी, 17 को जोन कार्यालय आदित्य नगर, 18 को जोन कार्यालय उरला तथा 19 फरवरी को जोन कार्यालय पद्मनाभपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक स्थल पर मेला सुबह 11 से शाम 5 बजे तक लगेगा। मेले में सभी बैंक प्रतिनिधियों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को ऋण प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी।

# 56.76 लाख की लागत से बिछेगी पाइपलाइन, पानी समस्या से मिलेगी निजात

दुर्ग। वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव में पेयजल सुविधा को सुदृढ़ करने 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत स्वीकृत 56.76 लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन महापौर अलका बाघमार ने किया।

इस दौरान महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। पाइपलाइन विस्तार कार्य पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा तथा लंबे समय से चली आ रही जल समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि निगम जनआकांक्षाओं के अनुरूप योजनाबद्ध विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कर रहा है।

## 15वें वित्त आयोग मद से होगा जल सुविधा का सुदृढ़ विस्तार



### ऑक्सीजोन में 1 करोड़ के होंगे विकास कार्य



वार्ड क्रमांक 29 सिविल लाइन में एसपी बंगला से लेकर वन विभाग कार्यालय तक सड़क निर्माण एवं दोनों ओर पेवर ब्लॉक पेविंग कार्य का भूमिपूजन महापौर अलका बाघमार द्वारा किया गया। 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत 1 करोड़ की लागत से होने वाले इस कार्य का शुभारंभ सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदों की मौजूदगी में किया गया। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि सिविल लाइन क्षेत्र को ऑक्सीजन जोन के रूप में जाना जाता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक सुबह-शाम वॉक और व्यायाम के लिए पहुंचते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क एवं पेवर ब्लॉक कार्य अत्यंत आवश्यक है, जिससे आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप उनकी निगरानी में ही कराया जाए।

सभापति श्याम शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग जनहित के कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर जल प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, लोक निर्माण प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद अश्विनी निषाद, विद्युत प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे, लीलाधर पाल, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, मनोज सोनी, गुलशन साहू, मनीष कोठारी, लोकेश्वरी ठाकुर, जितेंद्र ताम्रकार, पूर्व पार्षद सुरेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, हरीश चौहान, रामफल शर्मा, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद थवानी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, चंद्रेश राठी, यशवंत जायसवाल आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर ने प्रोजेक्ट के अंतर्गत जारी कार्यों का किया निरीक्षण

# चार समूहों की जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 77 से ज्यादा गांवों में जल्द पहुंचेगा साफ पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय योजना के चार समूहों के 77 गांवों में जल्द साफ पानी पहुंचेगा। इसे लेकर खारून और शिवनाथ नदी के तट पर इंटकवेल का निर्माण किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत ओदरागहन-सूरपा समूह जल परियोजना से 19 गांवों को पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। कौही-रानीतराई समूह जल परियोजना से 14 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। चंदखुरी समूह जल परियोजना से 31 गांवों को और निकुम समूह जल परियोजना से 13 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए पाइपलाइन बिछाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने चल रहे इन कामों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचई के अधिकारियों से इस बारे में जानकारी ली। साथ ही गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय में काम पूरा करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को साथ पाटन और दुर्ग ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचे।

## इंटकवेल, फिल्टर प्लांट और स्टोरेज सेंटर का भी किया निरीक्षण



### ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुंचाने की तैयारी

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन समूह जल परियोजनाओं के अद्यतन प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों और कांट्रेक्टरों से चर्चा कर परियोजना अंतर्गत कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मिशन के उद्देश्य हर घर जल को ध्यान में रखते हुए कार्य में प्रगति लाएं, ताकि मिशन के लक्ष्य के मुताबिक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान जल प्रदाय परियोजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, एमबीआर और खारून एवं शिवनाथ नदी किनारे बनाये जा रहे इंटकवेल का अवलोकन किया।

### हर समूह में बनाई जा रही 210 किली क्षमता की पानी टंकी

अधिकारियों ने बताया कि एमबीआर (मास्टर बैलेंसिंग रिसर्वर) एक बड़ी पानी टंकी होती है, जो मुख्य पाईपलाईन से आने वाले पानी को जमा करती है और फिर गांव की छोटी टंकियों में वितरित करती है। इसकी क्षमता 210 किलोलीटर की है। ओदरागहन-सूरपा समूह जल परियोजना से 19 गांवों को पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। कौही-रानीतराई समूह जल परियोजना से 14 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। चंदखुरी समूह जल परियोजना से 31 गांवों को और निकुम समूह जल परियोजना से 13 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। प्रत्येक इंटकवेलों में 18-18 हार्सपावर के तीन-तीन पम्प स्थापित किये गये हैं।



### बिजली आपूर्ति के लिए स्थापित किए जाएंगे ट्रांसफार्मर

कलेक्टर ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटकवेलों में विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। साथ ही पीएचई को ट्रांसफार्मर लगाने हेतु विद्युत विभाग को डिमांड राशि जमा कराने निर्देशित किया। उन्होंने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक लगाये गये अन्डर ग्राऊण्ड पाईपलाईन की पहचान के लिए संकेत चिन्ह लगाने तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र का सीमांकन कराकर बाउण्ड्रीवॉल बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री उत्कर्ष पाण्डेय, विभाग के सहायक इंजीनियर, सब इंजीनियर एवं कॉन्ट्रेक्टर उपस्थित थे।

# बालोद और धमतरी से रेत का अवैध परिवहन, पाटन में बिना अनुमति खोदी जा रही मुरम, हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पिछले लंबे समय से बालोद और धमतरी से दुर्ग जिले की लगी सीमाओं से रेत का अवैध परिवहन हो रहा है। ओवर लोड हाईवा धड़ल्ले से ग्रामीण क्षेत्रों के रास्ते दुर्ग पहुंच रहा है। रात के समय यह खेल चल रहा है।

कांकेर जिले के चरामा तक के रेत का खनन कर इसे दुर्ग जिले में खपाया जा रहा है। सारे नियम-कायदों को ताक पर रखकर लंबे समय से यह अवैध परिवहन हो रहा है। गुरुवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अचानक जलजीवन मिशन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अवैध परिवहन से जुड़ी शिकायत मिली। इसके बाद 4 हाईवा को जब्त कर रानीतराई थाने में खड़े करवाया गया। इसी प्रकार पाटन-रानीतराई मार्ग पर जेसीबी की मदद से नियम विरुद्ध मुरम का खनन किया जा रहा है। सूचना पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद मौके से जेसीबी और एक ट्रैक्टर जब्त किया।

- 1 जेसीबी, 1 ट्रेक्टर और 4 हाईवा किए गए जब्त, रानीतराई थाने में कराया

जानकारी के मुताबिक शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। बता दें कि खनिज विभाग, आरटीओ और पुलिस महकमें के नाक के नीचे से अवैध परिवहन और खनन का यह खेल लंबे समय से चल रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जाती रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। गुरुवार को भी महज कुछ वाहनों पर कार्रवाई की गई। एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव ने रानीतराई-पाटन के समीप जेसीबी द्वारा अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने और ट्रेक्टर द्वारा परिवहन करते पाये जाने पर उक्त जेसीबी मशीन और ट्रेक्टर को जब्त किया। इसी प्रकार राजस्व विभाग की टीम ने तहसीलदार पाटन के नेतृत्व में बालोद-धमतरी से रेत परिवहन करते पाये जाने पर चार हाईवा वाहन को जब्त कर रानीतराई थाने के सुपुर्द किया। एसडीएम लवकेश ध्रुव ने बताया कि क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों के संचालकों को भी बगैर अनुमति के ईंट भट्ठे लगाकर पर्यावरण प्रदूषित करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। अवैध उत्खनन और ईंट भट्ठों पर आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

# पेयजल के जर्जर पाइप नालियों से गुजर रहे, संक्रमण का खतरा


जंग लगी जर्जर पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई-चरोदा क्षेत्र के वार्ड 8 में पेयजल व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। यहां वर्षों पुरानी पाइपलाइन अब पूरी तरह जर्जर हो गई है। कई जगह से पाइप फट चुके हैं और लगातार लीकेज हो रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि नाली का गंदा पानी भी पेयजल लाइन में मिल रहा है। महिलाओं ने आयुक्त की अनुपस्थिति में निगम सभापति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने आए वार्ड की महिलाओं ने बताया कि कई सालों से इस समस्या को लेकर कभी पार्षद तो कभी नगर निगम प्रशासन को ज्ञापन दे रहे हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गंदा पानी पीने से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहा है। गर्मी का मौसम नजदीक है, ऐसे में दूषित पानी की सप्लाई से हालात और बिगड़ सकते हैं।

- वार्ड 8 की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन


नाली से गुजरी पाइप लाइन

### नाली से गुजरी पाइप लाइन में लीकेज

भिलाईतीन-चरोदा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 स्थित सतनामी मोहल्ला में पानी की पाइप लाइन नाली के भीतर से गुजारी गई है। पाइप लाइन वर्षों पुरानी हो चुकी है, जिस पर जंग लग गया है और कई जगह से लीकेज हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन जगहों पर पाइप लाइन टूटी है, वहीं से नाली का गंदा पानी सीधे सप्लाई लाइन में मिल रहा है। यही दूषित पानी अब घरों तक पहुंच रहा है। वार्डवासियों के मुताबिक, इस समस्या की शिकायत कई बार पार्षद और नगर निगम प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक न तो पाइप लाइन बदली गई और न ही स्थायी मरम्मत हुई।

### निरीक्षण के बाद किया जाएगा संधारण

पाइप लाइन में लीकेज की शिकायत मेरे संज्ञान में आया है। निरीक्षण के बाद शीघ्र ही जर्जर पाइप लाइनों का संधारण किया जाएगा। जरूरत पड़े तो पार्षद निधि के रुपए से काम कराया जाएगा।
-हेमंत वर्मा गुलमोहर, पार्षद वार्ड 8, भिलाईतीन-चरोदा निगम

# राम खिलावन यादव बने बीजेपी जिला कार्यसमिति के सदस्य



दुर्ग। रसमड़ा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामखिलावन यादव को दुर्ग जिला भाजपा के कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। रामखिलावन यादव ने इस दायित्व के लिए सभी वरिष्ठ नताओ एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष सुनेन्द्र कौशिक को उनके निवास स्थल पहुंचकर धन्यवाद ज्ञापित किया। विशेष रुप से जिलामंत्री राहुल पंडित मौजूद थे। रामखिलावन यादव दुर्ग ग्रामीण मंडल भाजपा के उपाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा दुर्ग ग्रामीण के प्रचार मंत्री, भाजपा मजदूर मोर्चा दुर्ग ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष भाजपा के अनुशासनिक संगठन भारतीय मजदुर संघ के प्रदेश सचिव, दो बार के सरपंच, दूसरे बार पंच चुना गया। चर्चा के दौरान हरिकृष्णा ठाकुर, राजकुमार शर्मा, रुपेश कुमार यादव, भगवानी साहू, तुलसी यादव, महेन्द्र सिन्हा, रामनारायण निषाद, संजय निर्मलकर, संजू यादव, छोटू यादव, कुम्भलाल साहू, किशोर यादव, प्रवीण यादव आदि मौजूद थे।

# हेलमेट और सीट बेल्ट पर सख्ती, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्ग यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सेक्टर-6 भिलाई स्थित पुलिस नियंत्रण कक्ष में विशेष समीक्षा बैठक और सम्मान समारोह आयोजित कर हेलमेट व सीट बेल्ट जांच अभियान की प्रगति का आकलन किया गया।

- ट्रैफिक पुलिस की समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट जवान हुए सम्मानित

इस बैठक में जिले के प्रमुख और संवेदनशील चौक-चौराहों पर चल रही कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें बताया गया कि मुरगा चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक रिसाली, जुनवानी चौक और राजेंद्र प्रसाद चौक दुर्ग जैसे व्यस्त स्थानों पर बिना हेलमेट दोपहिया और बिना सीट बेल्ट चारपहिया चलाने वालों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि अभियान का मकसद केवल चालान काटना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। आंकड़ों के आधार पर यह भी देखा गया कि किन क्षेत्रों में नियम उल्लंघन ज्यादा हो रहा है और वहां प्रवर्तन कार्रवाई को और तेज करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जवानों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कार्रवाई सतत, निष्पक्ष और कानून के अनुरूप होनी चाहिए। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया चलाते समय हेलमेट और चारपहिया चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। नियमों की अनदेखी करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शून्य टैरिफ पर अमेरिका से आयात को लेकर किसानों का प्रदर्शन

# कृषि व डेयरी उत्पादों के आयात पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के बैनर तले किसानों ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विरोध में दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास जबरदस्त प्रदर्शन किया। डील को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए नारेबाजी किया।

- दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास किया गया प्रदर्शन




उल्लेखनीय है कि देश भर में अनेक किसान संगठन आज डील के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए राजकुमार गुप्त, आईके वर्मा, झबेंद्र भूषण वैष्णव और उत्तम चंद्राकर ने कहा कि शून्य टैरिफ पर अमेरिका से कृषि और डेयरी उत्पाद करने से भारत के किसान और दुग्ध उत्पादक किसान प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पायेंगे और बर्बाद हो जायेंगे। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि डील गैरबराबरी का समझौता है भारत से अमेरिका निर्यात होने वाले सामानों पर 18% टैरिफ और भारत आयात होने वाले सामानों और उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है, वक्ताओं ने डील तत्काल रद्द करने की मांग की।

### किसान नेताओं ने 4 केंद्रीय श्रमकोर्ड के खिलाफ श्रमिकों को दिया समर्थन

किसान नेताओं ने 4 केंद्रीय श्रम कोड के खिलाफ श्रमिकों के अभा हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि इससे औद्योगिक संस्थानों में रोजगार के 33% अवसर समाप्त हो जायेंगे इसके अलावा ट्रेड डील के अनुसार अमेरिका के औद्योगिक उत्पाद के आयात से भारत के अनेक उद्योग के बंद होने की स्थिति निर्मित हो सकता है और वहां कार्यरत श्रमिक रोजगार से वंचित हो सकते हैं। डील के खिलाफ प्रदर्शन में परमानंद यादव, कमलनारायण अग्रवाल, मेघराज मढ़रिया, रविप्रकाश ताम्रकार, ढालेश साहू, बाबूलाल साहू, प्रमोद पंवार, संतुलाल पटेल, देवशरण साहू, दीपक यादव, पुकेश्वर साहू मौजूद थे। कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अल्ताफ अहमद, राकेश ठाकुर आदि ने किसानों की मांग का समर्थन किया।

## खबर संक्षेप

### एमएससी कंप्यूटर साइंस में गोल्ड मेडल मिला काजल को

**सेलूद।** भिलाई महाविद्यालय की मेधावी छात्रा काजल साहू (तनु) ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से एम.एस.सी. (कंप्यूटर साइंस) में



स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्राप्त कर अपने परिवार, समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि काजल साहू इससे पूर्व नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर चुकी हैं। नेट उत्तीर्ण करने के पश्चात गोल्ड मेडल प्राप्त करना उनकी प्रतिभा, कड़ी मेहनत एवं अनुशासन का प्रमाण है। काजल साहू के पिता शशिभूषण साहू अंकेक्षक, परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा एवं पूर्व अध्यक्ष, स्थानीय साहू समाज पतोरा हैं। वे हितेश साहू एवं गोपेश साहू की भतीजी हैं। इस उपलब्धि पर खेमलाल साहू, हरिशंकर साहू,किशन साहू, संतोष साहू एवं ललिता साहू,अर्जुन साहू एवं रिंकी साहू, लालजी साहू, सालिक साहू सहित समाज के वरिष्ठजनों एवं सामाजिकजनों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

### आडिल का सम्मान



**सेलूद।** ग्राम छाटा गोड़पेडरी एवं ढौर में मानस गान प्रतियोगिता चल रही है। छाटा में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता हर प्रसाद आडिल का रामायण समिति ग्राम छाटा द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि मानस गान सम्मेलन हमारी संस्कृति, आस्था और समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर रामायण समिति के पदाधिकारी गण लीलाधर साहू, संतोष मानिकपुरी, संतोष वर्मा, मिलाप आडिल और डॉक्टर विशाल वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मानस गान, रामधुनी, फाग गीत, राऊत नाचा और पंडवानी कल से

**सेलूद।** ग्राम औंधी भिलाई -3 में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से दो दिवसीय मानस गान, रामधुनी,फाग पंडवानी एवं राऊत नाच का आयोजन 14 फरवरी शनिवार और 15 फरवरी रविवार को किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ममता सावंल (प्राचार्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औंधी) होंगी। अध्यक्षता परदेशी राम देशलहरे (सरपंच ग्राम पंचायत औंधी) करेंगी। विशेष अतिथि कमलनारायण चौहान (प्रधानपाठक शाला औंधी), रचना वर्मा (प्रधानपाठिका शाला औंधी) और दीपक चंद्राकर (उपसरपंच ग्राम पंचायत औंधी) होंगे । समापन समारोह के मुख्यअतिथि भूपेश बघेल (पूर्व मुख्यमंत्री) होंगे। अध्यक्षता राकेश ठाकुर (अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी) व आशीष वर्मा (पूर्व ओ एस डी मुख्यमंत्री) करेंगे। विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र चंद्रवंशी (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग) , संतोषी तिवारी (छाया सदस्य जिला पंचायत दुर्ग) और रविशंकर वर्मा (पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन) होंगे।

## जांच अधिकारियों के प्रपत्र पर ग्रामीणों ने नहीं किए हस्ताक्षर

# जांच के लिए अफसर पहुंचे तो सेल्समैन ने आने से किया इनकार, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭|पाटन

ग्राम कौही में राशन वितरण के मामले में चल रही गड़बड़ी की जाँच के लिए एक बार फिर असिस्टेंट फ़ूड ऑफिसर वसुधा गुप्ता व फ़ूड इंस्पेक्टर रामनारायण साहू गुरुवार को यहां पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से राशन के बारे में जानकारी ली। इस गावों में दिसम्बर माह से ही राशन की वितरण में गड़बड़ी सामने आई हैं जो कि अब तक जारी है। उच्च अधिकारी जाँच तक ही सीमित हैं और लोग कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। इस गावों के लोगो को अब तक फरवरी माह का राशन नहीं मिला हैं। इस गावों में दिसम्बर का चावल जनवरी में व जनवरी का चावल फरवरी में वितरित किया गया। जाँच में पहुंचे अधिकारियो ने सेल्समैन को आने को कहा लेकिन उसने जाँच में सहयोग नहीं किया। अधिकारी घंटो इंतजार करते रहे लेकिन सेल्समैन नहीं पहुंचा। अधिकारियों ने किसी भी तरह से राशन दुकान खुलवाई जिसमे देखा कि स्टॉक में चावल ही नहीं हैं। रिकार्ड के अनुसार इस राशन दुकान कि 280 क्विंटल गायब मिला। जबकि अब तक जनवरी माह कि चावल 27 हितग्राहियों को मिला ही नहीं हैं। सवाल उठ रहा है कि जब लोगो को चावल मिला ही नहीं हैं तो आखिर चावल कँहा गया।

**सेल्समैन की गैर मौजूदगी में अफसरों ने खुलवाई राशन दुकान**



दो महीने में इस गावों में राशन कि जाँच करने दो बार अधिकारी पहुँच चुके हैं लेकिन कार्रवाई अब तक शून्य हैं। दिसम्बर माह में फ़ूड इंस्पेक्टर ने जाँच कर प्रतिवेदन एसडीएम को सौपा था। एसडीएम के कहने के अनुसार सेल्समैन को नोटिस जारी किया गया था लेकिन दिसंबर माह में समय सीमा तक जवाब नहीं दिया गया। जिस पर कार्रवाई करने का आश्वासन एसडीएम लवकेश ध्रुव ने दिया था लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते जनवरी में सेल्समैन ने वही गलती की. और फिर जाँच कर टीम चली गई है।

जाँच टीम ने लोगो को जाँच रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने को कहा तो सभी हितग्राहियों ने मना कर दिया। इन लोगों का कहना हैं कि सेल्समैन को यहां बुलाया जाएगा, तब ही जाँच रिपोर्ट में हस्ताक्षर करेंगे। पिछली बार भी भी हस्ताक्षर करवाया गया था लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने विभाग व उच्च अधिकारियों पर अविश्वास जताया है।

**एसडीएम ने कहा- चावल बंट गया**

"शिकायत के बाद चावल बंट चुका है। जाँच के लिए टीम भेजी गई थी। प्रतिवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**लवकेश कुमार**, पाटन एसडीएम

**उच्च अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

"कई बार शिकायत किए हैं लेकिन उच्च अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जनवरी माह में अभी भी करीब 27 हितग्राहियों को राशन नहीं मिला हैं। वही फरवरी माह का राशन अबतक गांव के लोगो को नहीं मिला हैं आगे इस गांव में महाशिवरात्रि में भव्य मेला लगेगा जिसमे दूर दूर से मेहमान पहुंचेगे। उनके लिए चावल की व्यवस्था कहां से करेंगे यह चिंता कि विषय बना हुआ है।

**लीना साहू**, सरपंच कौही

## अंचल की खबरें

### निकुम में धूमधाम से मनाई रविदास जयंती



**निकुम।** ग्राम निकुम भाटापारा भवन में संत श्री रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें अंचल के 15 गांव के महार समाज के सामाजिक बंधु आयोजन में शामिल हुए। संत शिरोमणि रविदास की पूजा अर्चना कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए ग्राम पंचायत निकुम की पूर्व सरपंच शारदा सिंह धुर्वे ने कहा कि संत रविदास का कथन 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' सबसे ज्यादा प्रचलित है। जिसका अर्थ है कि अगर मन पवित्र है और जो अपना कार्य करते हुए, ईश्वर की भक्ति में तल्लीन रहते हैं उनके लिए उससे बढ़कर कोई तीर्थ नहीं है। शोभा यात्रा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच गोपेंद्र साहू सहित सामाजिक अध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित,श्याम लाल लहरें, उपाध्यक्ष खेमलाल लाल मीरझा, हिरामन लहरें, श्याम लाल लहरें, फिरंता शिवारे, थनवार शिवारे मोहित शिवार, अध्यक्षता उप सरपंच गोपेंद्र साहू रहे, अंबिका लहरे, रोशनी लहरे, गोदावरी और हेमलता मिरझा, शिवारे, थनवार शिवारे मोहित शिवारे, अंबिका लहरे, रोशनी लहरे और गोदावरी सहित बड़ी संख्या भक्तगण उपस्थित रहे।

### जामुल भाजपा मंडल ने मनाई उपाध्याय की पुण्यतिथि



**जामुल।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बुधवार को समर्पण दिवस के रूप मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा की नेता गण उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका जामुल पूर्व अध्यक्ष एवं रायपुर संभाग किसान मोर्चा प्रभारी रेखराम बंछोर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में "समर्पण दिवस" पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए, उपस्थित कार्यकर्ताओं से उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर समर्पण दिवस के अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष अरुण यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश देवांगन, धनेश्वर गौतम एवं तीरथ यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेटी वह मोती है, जो दो परिवारों को एक माला में पिरोकर रखती है : उपाध्याय



हरिभूमि न्यूज ⏭|निकुम

ग्राम रूदा में हो रहे शिव महापुराण में कथावाचक कृष्ण कुमार उपाध्याय ने तुलसी और भगवान शालिग्राम की विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कहा बेटी ना तो पराया धन है, क्योंकि धन तो खर्च हो जाता है लेकिन बेटी वह अमूल्य मोती है जो दो परिवारों को एक माला में पिरो कर रखती है। आयोजन की कड़ी में 11 फरवरी को पूरे गांव के लोग रंगोली सजाकर शिव महापुराण की शोभा यात्रा की घर घर आरती उतार कर पूजा अर्चना किया। इस कथा में अवध राम देशमुख, तारकेश्वरी देशमुख और तारा देशमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पीएम श्री सेजस कुम्हारी विद्यालय में वार्षिकोत्सव कला संगम संम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭|कुम्हारी



पीएम श्री सेजेस विद्यालय कुम्हारी में वार्षिकोत्सव कला संगम- 2026 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संजय बघेल वरिष्ठ समाजसेवी थे। अध्यक्षता डॉ.विद्या श्रीवास्तव प्राचार्य (पीएम श्री सेजस कुम्हारी) ने की। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र कौशिक (जिला अध्यक्ष भाजपा), मीना वर्मा (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी), प्रमोद राजपूत उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी, राजू निषाद सांसद प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद कुम्हारी, आलोक दुबे अध्यक्ष शाला विकास समिति, सुजीत यादव सांसद प्रतिनिधि कुम्हारी विजय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि कुम्हारी अश्वनी देशलहरे, पार्षद उमेश्वरी साहू, पार्षद ओम नारायण वर्मा, पार्षद एसएमडीसी सदस्य दीपक व्यास, तनय जैन , नीतू पाल, नीलम बंजारे, हरिदास वैष्णव पार्षद और एसएमडीसी सदस्य अनिल भाई चौहान उपस्थित थे।

इस दौरान एल के जी से कक्षा 12वीं तक के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने भारत की विविधता का रंग बिखरते हुए कई मनमोहक प्रस्तुतियां दी।इस दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें दीपेश वर्मा कक्षा छठवीं (फेसिंग) तलवारबाजी के लिए, राज स्तरीय ताइक्वांडो बालिका गंगा यादव कक्षा ग्यारहवीं गीतिका वर्मा कक्षा बारहवीं रश्मि बंजारे कक्षा बारहवीं, जिमनास्टिक बालिका चांदनी कक्षा सातवीं गनिका राय कक्षा सातवीं वान्या नारंग कक्षा सातवीं, वेदांत साहू कक्षा बारहवीं, माही वर्मा और सरगम साहू को पुरस्कृत किया गया।

### बारह ज्योतिर्लिंग की कथा सुनी श्रद्धालुओं ने



**निकुम।** ग्राम रूदा में चल रहे शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन कथावाचक कृष्ण कुमार उपाध्याय ने शिव महिमा का बखान किया। उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग की दर्शन करने की महिमा बताई। इस दौरान शिव महापुराण की आरती और शोभा यात्रा में आरती उतार कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान मुख्य रूप से कथा आयोजक प्रमुख अवध राम देशमुख, तारकेश्वरी, धनी राम, रुख मणि बाई, रोहन लाल, कमला देशमुख और पूना राम तारा देशमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अवैध ईंट भट्ठे जांचने पहुंचा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭|पाटन



ग्राम कौही में स्कूल के पीछे संचालित अवैध ईट भठ्ठे पर आज जाँच टीम ने पहुंचकर कार्य पर रोक लगाई और नोटिस जारी कर समय सीमा तक हटाने की चेतावनी दी।

ग्राम कौही में कई वर्षो से अवैध रूप से दजनो ईट भठ्ठे अवैध रूप से संचालित हो रही हैं। कई ईट भठ्ठे यंहाघनी आबादी के बीच में संचालित हैं तो कही स्कूल के पीछे संचालित हैं। जिसके चलते लोगो को व पढ़ाई करने वाले बच्चों को काफी दिक्क़ते हो रही हैं. जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा किया गया था जिस पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग व राजस्व कि टीम ने सभी को नोटिस जारी किये हैं व कार्य बंद करने के निर्देश दिए हैं।

नायब तहसीलदार मनोज कुमार रस्तोगी व खनिज निरीक्षक ने पहुँच कर जाँच की जहां सभी को नोटिस जारी की गई है। नायब तहसीलदार ने बताया कि सभी को नोटिस जारी कर कार्य बंद करा दिए हैं। ग्राम कौही में 4, बोरेंदा में 2 और पाटन में 2 ईट भट्ठा संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। हरिभूमि ने ग्राम कौही में संचालित अवैध ईट भठ्ठे से स्कूल के बच्चों पर पड़ रहे प्रभाव व क्षेत्र के लोगो को हो रही दिक्क़तो को प्रमुखता से उठाया जिसके बाद विभाग हरकत में आये और मौके पर पहुँच कर जाँच कर नोटिस जारी की। वही अब जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई कि इंतजार में क्षेत्र के ग्रामीण हैं।


दर्जनभर गांवों में खुल चुके है ईंट भट्ठे
कानून को ताक पर रख बेखौफ चल रहा खेतों में अवैध ईंट भट्ठे का कारोबार

**आगे भी होगी कार्रवाई**

"ईट भट्ठों कि जाँच के लिए खनिज निरीक्षक, नायब तहसीलदार और पटवारी की टीम जाँच के लिए भेजी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और आगे भी अवैध भट्ठों के खिलाफ कदम उठाए जाएंगे।

**लवकेश कुमार ध्रुव**, एसडीएम पाटन

## कवियों ने अपनी रचनाओं से बांधा समा, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭|कुम्हारी

प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के 11 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा नगर में प्रदेश स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन वार्ड क्र. 15 स्थित बैडमिंटन कोर्ट परिसर में किया गया ।कवि सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्षा मीना वर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत एवं पार्षद अनुराग गुप्ता ने माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रदेश स्तर के प्रख्यात कवि गीतकार रमेश विश्वहार रायपुर, हास्य कवि कृष्णा भारतीय नांदघाट, ओज के कवि देवेंद्र परिहार मुंगेली, हास्य कवि बंशीधर मिश्रा अकलतरा एवं श्रृंगार की कवयित्री प्रियंका गुप्ता प्रिया का स्वागत प्रेस क्लब ऑफ़ कुम्हारी के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा एवं पार्षद अनुराग गुप्त ने शॉल- श्रीफल, पुष्पगुच्छ, सम्मान पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। अन्य अतिथियों में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ दुर्ग जिलाध्यक्ष ललित साहू, संभागीय महासचिव अरुण पुरवार एवं वरिष्ठ पत्रकार हितेश शर्मा दुर्ग , का भी सम्मान पुष्पगुच्छ, शॉल- श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। यहां बंशीधर मिश्रा ,कृष्णा भारतीय,रमेश विश्वहार,देवेंद्र परिहार और प्रियंका गुप्ता प्रिया ने अपनी रचनाएं सुना कर वाहवाही बटोरी। देर रात तक श्रोताओं ने इस अविस्मरणीय काव्य सम्मेलन का भरपूर आनंद उठाया। विक्रम शाह ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



### भागवत कथा संस्कार, सदभाव और सही दिशा देती है



**सेलूद।** ग्राम पाहांदा (अ), जामगांव (एम) एवं कौही में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने व्यासपीठ से प्रवाहित हो रही भागवत कथा को आत्मिक शांति प्रदान करने वाली तथा जीवन मूल्यों को सुदृढ़ करने वाली बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, श्रद्धालु एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी में परखा बच्चों का वजन और स्वास्थ्य



**अंजोरा।** खपरी (सिलोदा) में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती माताओं का वजन और ऊंचाई माप कर ग्रेड निकालकर माताओं को उनके पोषक स्तर और शारीरिक विकास की निगरानी के लिए दिया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी जितेन्द्र वर्मा, सुपरवाईजर शशि रैदास, सरपंच अनुसुईया साहू, कार्यकर्ता ललिता राजपूत, हेमलता निषाद, गिरिजा देवागन, पंच लक्ष्मी निषाद, मितानिन प्रमिला निषाद, राधिका सोनी, सहायिका हेमालता साहू, गर्भवती माता और 0 से 6 वर्ष के बच्चों के पालक उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने बच्चों का वजन और ऊंचाई मापने के साथ साथ पोषण, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरुक किया। इस अवसर पर माताओं को अपने बच्चों के पोषक स्तर और शारीरिक विकास की निगरानी के लिए आवश्यक जानकारी दी गई।

## बिजनेस साइट

# भिलाई में फायर व औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण से युवाओं को मिल रहा रोजगार का अवसर




**भिलाई।** भिलाई में युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से फायर और सेफ्टी से संबंधित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्र-छात्राओं को औद्योगिक इकाइयों और विभिन्न सरकारी संस्थानों में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। शहर में संचालित फायर सेफ्टी और डिजास्टर मैनेजमेंट प्रशिक्षण संस्थान द्वारा युवाओं को अग्निशमन व औद्योगिक सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह निजी प्रशिक्षण संस्थान 10वीं, 12वीं, स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के साथ महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार कर रहा है। संस्थान में छह माह और एक वर्ष अवधि के फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। संस्था का प्रमुख उद्देश्य प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और उन्हें औद्योगिक सुरक्षा से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान करना है। संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कई छात्र विभिन्न निजी और सरकारी संस्थानों में कार्यरत हैं। इनमें एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, गन-कैरिज फैक्ट्री इटारसी, ब्रेथवेट भारतीय रेल मंत्रालय, भिलाई स्टील प्लांट, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ, मंत्रालय रायपुर और एनएमडीसी नगरनार जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। प्रशिक्षित युवा इन संस्थानों में स्थायी और संविदा दोनों आधार पर सेवाएं दे रहे हैं। संस्थान के अनुसार आगामी सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं संस्था के कैंपस इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, अंबेडकर चौक के पास तथा प्लॉट नंबर 766, वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर भिलाई स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## आम सूचना

**मौजा-सिकोला, प.ह.नं.-08, रा.नि.मं. सिकोला, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार गणेश राम साहू पिता स्व. रूपराम साहू, उम्र-48 वर्ष एवं श्रीमती मालती साहू पति गणेश राम साहू, पता-वार्ड नं.-17, कादंबरी नगर, गिलन मैरीज पैलेस के पीछे, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा श्रीमती ललतेश रानी कोर पति श्रवन धीमान के नाम पर राजस्व अभिलेखों मे दर्ज मौजा-ग्राम-सिकोला, प.ह.नं.-08, तह. व जिला-दुर्ग स्थित भूमि, जिसका खसरा नं.-255/27 रकबा 0.048 है. जिसका क्षेत्रफल 50 X 104 = 5200 वर्गफूट भूमि क्रय करने का इकरारनामा निष्पादित किया गया है। कि विक्रेता द्वारा दिनांक 10.02.2022 को कुल 5200 वर्गफूट भूमि में से 2496 वर्गफूट भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार को किया है, शेष 2704 वर्गफूट भूमि का पंजीयन कराया जाना बाकी है। कि मूल विक्रेता श्रीमती ललतेश रानी कोर का निधन हो गया है। कि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में भूमि श्रीमती ललतेश रानी कोर के विधिक वारिसानों बलराम धीमान एवं श्रवण धीवान के नाम में दर्ज हुई है। कि वर्तमान में उनके विधिक वारिसानगण 2704 वर्गफूट भूमि को अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं। कि उक्त भूमि की संविदा मेरे पक्षकार के साथ निष्पादित हुई है व आधी भूमि का कब्जा प्राप्त हुआ है, शेष भूमि के विक्रय हेतु मेरे पक्षकार तत्पर व तैयार है, इसलिये अन्य कोई व्यक्ति, संस्था अथवा फायनेंस कंपनी का सौदा या अनुबंध न करे, क्योंकि ऐसा कोई भी संव्यवहार मेरे पक्षकारों पर बाधित नहीं होगा व उनका संव्यवहार अवैध व शून्य माना जावेगा।

तदानुसार सूचना प्रेषित है।

स्थान-दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक-10.02.2026

भवदीय
अमर चोपड़ा (अधिवक्ता)
आदर्श नगर, मकान नं.-7
दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो.नं.-9827113412, 9713636364

(मुहर)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धर-पकड़ : 3 आरोपियों को भेजा गया जेल

**भिलाई।** तीन शराब बेचने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम गाड़ाडीह एवं इंदिरा नगर उतई से अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पकड़ा गया। राउतपारा, ग्राम गाड़ाडीह, थाना उतई निवासी विजय यादव, वार्ड 6 यादवपारा, ग्राम गाड़ाडीहमुकेश नवरंगे उर्फ नजरू, गोल्डन कॉम्पलेक्स, इंदिरा नगर उतई प्रेमसुख ढीमर को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 32 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 5.760 बल्क लीटर, दो पहिया वाहन,30 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 5.40 बल्क लीटर, 31 पौवा शोले शराब जब्त किया गया।

### सेल वालीबॉल प्रतियोगिता, चयन 24 से

**भिलाई।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा 24 से 27 फरवरी तक दुर्गापुर में सेल वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें इसमें बीएसपी सहित सेल के सभी इस्पात संयंत्रों की टीमें भाग लेंगी। भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम के गठन के लिए क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 12 फरवरी को शाम 4बजे वालीबॉल कॉम्प्लेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर 1 में चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी। भिलाई इस्पात संयंत्र के इच्छुक प्रतिभागी वालीबॉल कॉम्प्लेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर–1, भिलाई में चयनकर्ता दीपक मित्रा,विनोद नायर, निजामुद्दीन, बीएस श्रीनिवास, शेख महमूद से संपर्क कर सकते हैं।

### कुमकुम ने विश्व विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया

**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी की होनहार छात्रा कुमकुम साहू ने एम. एस.सी. (माइक्रो बायोलॉजी) में हेमचंद यादव बिश्व यूनिवर्सिटी में तीसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं शिक्षको को गौरवान्वित किया है। वे सी.ए. जतिन पटेल के यहां सीनियर एकाउन्टेंट के रूप में कार्यरत महेश कुमार साहू और प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका कविता साहू की सुपुत्री है। कुमकुम साहू शुरू से ही पढ़ाई में कुशाग्र रही है।



### अंतर विभागीय फुटबॉल स्पर्धा चौबीस से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 फरवरी से 3 मार्च तक बीएसपी फुटबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर–01, भिलाई में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी नियमित एवं प्रशिक्षु कर्मचारी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी टीमों में संकार्य जोन में आयरन जोन, स्टील जोन, मिल्स जोन एवं गुणवत्ता जोन तथा अनुरक्षण एवं उपयोगिताएँ शामिल हैं। वहीं गैर-संकार्य जोन में सामग्री प्रबंधन, प्रशासन, नगर सेवाएं, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, खदान, मानव संसाधन विभाग तथा सर्विसेस जोन सम्मिलित हैं। प्रविष्टि संबंधित विभाग के माध्यम से क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के कार्यालय, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर 4 में अंतिम तारीख 20 फरवरी तक प्रेषित करनी होगी।

## से.1 चौक पर संयुक्त यूनियन नेताओं व समर्थकों ने की बीएसपी कर्मियों से हड़ताल में शामिल होने की अपील

# लेबर कोड के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल का औद्योगिक नगरी में रहा आंशिक असर, काला कानून वापस लेने जोर

*केंद्र सरकार के चार नए लेबर कोड के खिलाफ दस राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों और फेडरेशनों के आह्वान पर गुरुवार को औद्योगिक नगरी भिलाई में भी देशव्यापी हड़ताल का असर रहा। भिलाई इस्पात संयंत्र में संयुक्त यूनियन के बैनर तले विभिन्न यूनियनों के नेता और सक्रिय कार्यकर्ता व समर्थक ही हड़ताल पर रहे,आम वर्कर्स के हड़ताल से दूरी बनाने लेने के चलते प्रबंधन ने राहत की सांस ली। वहीं औद्योगिक क्षेत्र व जिला मुख्यालय में भी श्रमिकों व किसानों के विरोध प्रदर्शन के साथ बैंक व बीमा कर्मी भी हड़ताल पर रहेभिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण राकेश ठाकुर ने श्रमिक संगठनों के प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचकर हड़ताल का समर्थन किया और श्रम संहिताओं को काला कानून बताते हुए सरकार से वापस लेने की मांग की। हड़ताल के बाद संयुक्त यूनियन ने कहा कि हम श्रम विरोधी श्रम संहिताओं से होने वाले नुकसान का संदेश कर्मियों तक पहुंचाने में सफल रहे और लेबर कोड के वापसी तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार द्वारा 29 श्रम कानून को खत्म कर चार श्रम संहिताएं बना कर अधिसूचित व रूल्स को जारी कर 1 अप्रेल से लागू करने का ऐलान किया गया है। इसके खिलाफ केंद्रीय यूनियनों व किसान संगठनों द्वारा आयोजित 1 दिवसीय हड़ताल के तहत आज सेक्टर 1 इक्विपमेंट चौक पर संयुक्त यूनियन के बैनर तले बीएसपी कर्मियों से हड़ताल में शामिल होने की पुरजोर अपील की गई। इंटक, सीटू, एटक, एक्टू, एचएमएस, लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियनों के हड़ताली नेताओं, कार्यर्ताओं ने झंडों व बैनरों के साथ दिनभर नारेबाजी कर लेबर कोड व निजीकरण के खिलाफ विरोध जताया। सुबह 5.30 बजे सभी चौक में एकत्र हुए और 6 फर्स्ट शिफ्ट जाने वाले बीएसपीकर्मियों को रोकने के लिए रोड को कुछ देर जाम कर दिया। सीआईएसफ जवानों ने नारेबाजी कर रहे यूनियन नेताओं को समझाईश देकर हटाया। चौक पर शाम 6 बजे तक यूनियनों के लोग सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तीनों शिफ्ट में ड्यूटी जाने वाले कर्मियों को हड़ताल में शामिल होने की अपील करते रहे। लेकिन कर्मचारी निश्चित होकर ड्यूटी जाते रहे। कर्मियों की सामान्य उपस्थिति व उत्पादन बरकरार रहने से हड़ताल रोकने की तैयारी में पिछले हफ्तेभर से जुटे प्रबंधन ने राहत की सांस ली। लेकिन हड़ताल को सफलता नहीं मिलने से यूनियनों के नेता मायूस दिखे। इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, महासचिव संजय साहू, सीटू के डीवीएस रेड्डी विजय जांगड़े, जगन्नाथ त्रिवेदी,एटक के वीके सोनी, एचएमएस के पीके मिश्रा, हरिराम यादव,एक्टू के बृजेंद्र तिवारी, श्याम दास साहू,लोइूम के राजेंद्र परगनिया, सुरेंद्र मोहंती आदि ने हड़तालियों को संबोधित करते हुए करतेहुए लेबर कोड को उद्योग मालिकों के पक्ष व मजदूरो के हितों पर कुठाराघात बताते हुए वापस नहीं लेने पर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया। संयुक्त यूनियन ने कहा कि हम हर बीएसपी कर्मचारी तक हड़ताल के मुद्दों को पहुंचाने में कामयाब रहे। कर्मी मुद्दों को समझ रहे थे लेकिन हड़ताल में भागीदारी करने के लिए मन नहीं बना पाए । लेबर कोड वापस होते तक संघर्ष जारी रहेगा। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि विभिन्न विभागों के सीजीएम व जीएम प्रभारी स्तर के अधिकारी कर्मियों से हड़ताल में शामिल न होने की अपील करने के साथ प्लांट नहीं आने पर वेतन काटने व एनुअल बोनस काटने के साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई होने की चेतावनी दे रहे थे। वहीं प्रबंधन सूत्रों ने इससे इनकार करते हुए प्लांट में उपस्थिति व उत्पादन को सामान्य बताया।

### बैंक व बीमा कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन, बीएसपी में उपस्थिति व उत्पादन सामान्य रहने से प्रबंधन ने ली राहत की सांस





### हड़ताल को विधायक देवेंद्र का मिला समर्थन व जेएलएनएच कर्मियों का विरोध

भिलाई नगर के विधायक कांग्रेस के देवेंद्र यादव आज के हड़तालियों के बीच पहुंचकर हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि मोदी केंद्र सरकार देश के ट्रेड यूनियनों से चर्चा किए बिना अपनी मर्जी से जिन श्रम कानून में बदलाव किया है । उसके खिलाफ भिलाई सहित पूरे देश में जारी आंदोलन का हम समर्थन करते हैं। आगे इन श्रम कानून के खिलाफ समर्थन करते रहेंगे। दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि सरकार इस काले कानून को तत्काल वापस ले। इसके अलावा बीएसपी के सेक्टर नौ हास्पिटल के सामने टी टाइम में अस्पताल के मेडिकल कर्मियों ने काला फीता लगाकर विरोध प्रदर्शन कर लेबर कोड पर असंतोष जताया। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में भी मजदूरों ने चारों श्रम संहिताओं को उद्योगपतिपरस्त बताकर सरकार को मजदूर विरोधी बताया। जिला मुख्यालय में भी किसान संगठनों व कर्मचारी संगठनों ने विरोध जताया।





### औद्योगिक क्षेत्र में ठेका श्रमिकों का प्रदर्शन

सिविक सेंटर बैंक काम्पलेक्स परिसर में बैंक यूनियनों की अपील पर बैंककर्मियों व बीमा कर्मियों ने हड़ताल का समर्थन कर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मियों ने बैनर लेकर परिसर में श्रम कोड को कर्मचारी विरोधी बताते हुए केंद्र सरकार को चेताया कि इसे लागू किए जाने पर आगे संघर्ष तेज किया जाएगा। वहीं छग मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ और मेहनतकश आवास अधिकार संघ के तले मजदूरों ने औद्योगिक क्षेत्र छावनी चौक पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेज लेबर कोड की वापसी, ठेका श्रमिकों, आशा कार्यकर्ता, मिडडे मील व के नियमितीकरण व न्यूनतम मासिक वेतन 30 हजार दिलाने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को स्थाई करने व उपक्रमों का निजीकरण नहीं किए जाने की मांग की। प्रदर्शन में भुवन साहू,रमाकांत बंजारे,संजना,मोहाल सिंह,कंचन,मन्नू ठाकुर, ब्रम्हा, मोहम्मद अली,बडकु,नीरा,कलादास डेहरिया, महेश साहू,मैरी,आदि मजदूर शामिल थे ।



# फुटपाथ पर कारोबार करने वालों पर पुलिस और निगम सख्त, हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत आने वाले नंदनी रोड क्षेत्र में गुरुवार को बेजा कब्जा हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। सबसे व्यस्तम रोड के दोनों किनारे कारोबार करने वालों पर लंबे अरसे बाद यह कार्रवाई की गई है। खास बात यह है कि सड़क के दोनों छोर पर दुकानदार अपना सामान भी रोड पर निकाल देते हैं। इन पर भी जुर्माना ठोंका गया।इस कार्रवाई से पूरे दिन आवागमन करने में लोगों को बड़ी सुविधा हुई।

- भारी पुलिस बल की मौजूदगी में भिलाई निगम की बेदखली कार्रवाई

नंदिनी रोड सुपेला पावर हाउस से लेकर एसीसी जामुल चौक तक बेजा कब्जा करने वालों की वजह से ट्रैफिक प्रभावित रहता है। सुपेला बड़ा बाजार क्षेत्र है। जिसकी वजह से सुबह से लेकर रात तक हजारों लोगों का आवागमन यहां होता है। इसलिए यह सबसे बड़ा कारोबारी क्षेत्र से लोगों को गुजरना एक चुनौती जैसा है। पावर हाउस का बस स्टैंड भी है और दोनों किनारे बड़ा व्यवसायिक दुकानें हैं। ठेले-खोमचे वाले सड़क किनारे रोज कारोबार करते हैं। दुकानदार भी अपना कारोबार सड़क तक फैलाकर रखते हैं। जिसकी वजह से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। बेदखली कार्रवाई के बाद सड़क काफी चौड़ी हो गई है।



### 20 हजार रुपए का लगाया गया अर्थदंड

निगम प्रशासन ने व्यापारियों द्वारा सड़क पर सामान फैलाकर किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ बेदखली अभियान चलाते हुए 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी वसूला। लंबे समय से यह शिकायत मिल रही थी कि नंदनी रोड पर व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़कों और फुटपाथ पर फैलाकर रखा जा रहा है। इस अतिक्रमण के कारण मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो रहा था और राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नागरिकों की असुविधा को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया।

#### इन व्यावसायियों पर की गई चालानी कार्रवाई

कार्यवाही के दौरान निगम की टीम ने सड़क पर रखे सामानों को जब्त कर मार्ग को खाली कराया। नियमों का उल्लंघन करने वाले 4 व्यापारियों पर 20 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें हरियाणा ट्रेडर्स, गुड्डू ट्रेडर्स, प्रिया सेल्स एवं अन्य शामिल हैं। साथ ही, सभी व्यापारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में सड़क पर सामान पाए जाने पर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

#### जिला प्रशासन व पुलिस अमला भी रहा मौजूद

नंदनी रोड पर कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने बाधा डालने की भी कोशिश की। तनावपूर्ण स्थिति के बीच यह कार्रवाई की गई। हालात को देखते हुए निगम ने पहले ही जिला प्रशाासन से पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग की थी। इसके चलते सीएसपी छावनी, थाना प्रभारी मनीष शर्मा व तहसीलदार डिकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। निगम की तरफ से सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, बाल कृष्ण नायडू, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक प्रभारी हरिओम गुप्ता, निगम की बेदखली टीम एवं पुलिस बल की तैनाती रही।

# सामूहिक दुष्कर्म के फरार आरोपियों को पकड़ने एनएसयूआई का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष गुरलीन सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी।

- एसएसपी के नाम ज्ञापन सौंप की शीघ्र कार्रवाई की मांग

ज्ञापन में कहा गया कि लोक निर्माण विभाग दुर्ग में नौकरी दिलाने के नाम पर एक नाबालिग युवती के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। पीड़िता की शिकायत पर 30 जनवरी 2026 को दुर्ग पुलिस द्वारा 6 आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि फरार आरोपियों में भीम नारायण पाण्डेय और संजय पंडित शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक एसआईटी का गठन नहीं किया गया है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। संगठन ने आशंका जताई कि जांच प्रक्रिया में हो रही देरी कहीं किसी प्रकार के दबाव का परिणाम तो नहीं है। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और समाज में कानून के प्रति विश्वास बना रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष आदिल खान, संगठन मंत्री मिशंक मिश्रा, भिलाई विधानसभा अध्यक्ष संगम यादव, जिला महासचिव राहुल सिंह, पीयूष सिंह, वैभव गिरी, दिव्यांशु मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 15 फरवरी को मांस मटन की दुकानें रहेंगी बंद

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा अंतर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस, मटन विक्रय की दुकानें 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर बंद रखी जाएगी। पशुवध गृह, जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद करते हुए शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन करने कहा गया है।

# जोन-3 में निर्माण और सफाई कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जोन-3 क्षेत्रांतर्गत नव निर्माण सुलभ शौचालय, केयरटेकर रूम निर्माण, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, सब्जी मार्केट का निरीक्षण कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह द्वारा किया गया। जोन में चल रहे कार्यो को और बेहतर करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

- वार्ड क्रमांक 37 में डीएमएफ मद से बन रहा सुलभ शौचालय

कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह ने वार्ड क्रमांक 37 में डी.एम.एफ मद से नव निर्माण सुलभ शौचालय का निरीक्षण किये। इस शौचालय के निर्माण होने से सैकड़ो नागरिकों को सुविधा मिलेगी। रविदास नगर सब्जी मंडी सुलभ इंटरनेशनल शौचालय में अतिरिक्त केयरटेकर के लिए रूम निर्माण किया जा रहा है जिसका निरीक्षण किया गया। नागरिको को किसी प्रकार की असुविधा होने पर केयरटेकर द्वारा तत्काल उसका मौके पर निराकरण कर सके। सर्कुलर, जवाहर, अनाज, सब्जी मार्केट की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा किया गया है। दुकानों के सामने एवं सड़को पर फैले कचरे को एकत्र कर एस.एल.आर.एम. सेंटर में खाद बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, बसंत देवांगन आदि उपस्थित थे।

## विधायक रिकेश भी रहे विशेष रूप से मौजूद

# 33 हितग्राहियों को मिला लॉटरी से पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासन के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकानहीन परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री आवास आबंटन की लाटरी का आयोजन किया गया। लाटरी कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद हरिओम तिवारी एवं अधीक्षण अभियंता सह आवास नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 33 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया है। भिलाई शहर में निवास कर रहे नागरिक जिनके पास स्वयं का पक्का मकान नहीं है, उन्हे सरकार द्वारा पक्का मकान उपलब्ध कराने की योजना चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत नागरिकों को न्यूनतम दर पर पक्का मकान दिया जा रहा है। नागरिक नियमानुसार नगर निगम भिलाई के आवास शाखा में आवेदन किये है। आवेदक द्वारा जमा किये गये आवेदनों का सक्षम स्वीकृति लेने पश्चात आवास आबंटन की लाटरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाटरी के दौरान आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जी मोहन राव, नूतन साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04


ऑफिस में बेल बॉटम जींस...

लाइव इवेंट

## नेटबॉल महिला और क्रासकंट्री पुरुष टीम 14 से 18 तक करेगी प्रतिभा का प्रदर्शन




**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की नेटबॉल महिला टीम कृष्णा विश्वविद्यालय आंध्रप्रदेश में 14 से 18 फरवरी तक आयोजित आल इंडिया प्रतियोगिता और क्रासकंट्री पुरूष महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में दिनांक 14 से 15 फरवरी को आयोजित आल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि नेटबॉल महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर मनसा महाविद्यालय भिलाई में वे क्रासकंट्री पुरूष टीम का प्रशिक्षण शिविर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में आयोजित कराया गया। नेटबॉल महिला टीम का मैनेजर मौसमी ठाकुर क्रीड़ाधिकारी मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई और कोच मनोज साहू भिलाई हैं, वहीं क्रासकंट्री पुरूष टीम मैनेजर जयराम साहू क्रीड़ाधिकारी शासकीय महाविद्यालय मोहला और कोच रोशन पटेल क्रीड़ाधिकारी शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव के मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी।

नेटबॉल महिला टीम में शामिल खिलाड़ियों में खुशबू गुप्ता मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, सोनम शर्मा सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग, मिशा कुमारी शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3,शिवांगी बाजपेयी सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग, हर्षिता उपाध्याय शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, भूमिका शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, योगिता मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, रीति ठाकुर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, सीमा शासकीय गर्ल्स महाविद्यालय दुर्ग, जसप्रीत कौर सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग, नेहा मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, हेमपुष्पा साहू शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव और क्रासकंट्री पुरूष टीम में जसवंत शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, हर्ष कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, संजय कुमार शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, अजीत कुमार शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव, समीर कुमार शासकीय महाविद्यालय बालोद, भीखम कुमार शासकीय महाविद्यालय बालोद के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



लाइव इवेंट

## 1984 से 2005 बैच तक के स्टूडेंट्स ने किया शिक्षकों को सम्मानित



**दुर्ग।** विद्यापीठ श्री लक्ष्मीनारायण महाराज किल्ला मंदिर मालवीय नगर दुर्ग के 1984 - 2005 बैच के शिक्षकों और विद्यार्थियों का सपरिवार चौथा एलुमिनी मीट रियूनियन वृंदावन लॉन दुर्ग में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा उपस्थित गुरुजनों का स्वागत और दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना के साथ की गई। इस दौरान अंग्रेजी के अध्यापक सुरेश विश्वकर्मा द्वारा वायलिन वादन के पश्चात सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने वर्तमान में कार्यरत विभाग और क्षेत्रों की विस्तृत परिचय दिया। जिसके बाद शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने पढ़ाए विद्यार्थियों को सफलता के इस मुकाम पर देख असीम गर्व और आनंद की प्राप्ति हुई और ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, जिससे सारे पुराने साथी एक मंच पर मिल सकें। शिक्षकों के सम्मान, पुरानी यादों, नोक झोंक, उनके आशीष वचनों, खेल, गीत-संगीत के साथ ही अगले वर्ष फिर मिलने की आशा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक अखिलेश अग्रवाल, देवी प्रसाद शर्मा, कमलेश ताम्रकार, सुमन श्रीवास्तव, किरण श्रीवास्तव, शीतल अवस्थी, जानकलाल यादव, नीलू उपाध्याय, प्रभा देवांगन, सुरेश विश्वकर्मा, गणेश राम देशमुख को श्रीफल और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। 1989 से 1994 बैच के विद्यार्थियों में निर्मल सिंह, शिवेश सिंह, आभा श्रीवास्तव, अमन टोप्पो, अनूप जोशी, अरुण गुप्ता, दलजीत सिंग, दिनेश सहदेव, फनींश शर्मा, कमल सोनी, लखन शुक्ला, राम कुमार सोनी, विभा श्रीवास्तव, विनीता जैन, विशाल रहटगांवकर, जितेंद्र जग्यासी, रमेश देवांगन, शरद अग्रवाल, डॉक्टर कृष्ण कांत साहू, संध्या साहू, संगीता तिवारी, संजय साहू, श्वेता, विनीता षड़ंगी, प्रतीक जैन, अमन श्रीवास्तव, अवंतिका श्रीवास्तव उपस्थित थे।

● आकाशवाणी रायपुर ने पीढ़ियों को जोड़ा, एफएम ने नई पीढ़ी से बनाया रिश्ता

# मोबाइल और इंटरनेट के इस दौर में कम नहीं हुआ रेडियो का जादू, एफएम के जरिए देश-दुनिया को नई पीढ़ी से जोड़ रहा

**भिलाई।** मोबाइल और इंटरनेट के दौर में भी रेडियो की बात ही अलग है... इसकी आवाज़ सीधे दिल तक पहुंचती है। ट्विनसिटी के श्रोताओं की यह भावना बताती है कि बदलती तकनीक के बावजूद रेडियो का जादू कम नहीं हुआ है। 13 फरवरी को मनाए जाने वाले वर्ल्ड रेडियो डे के अवसर पर हरिभूमि से लोगों ने रेडियो के साथ अपने जुड़ाव, यादों और भरोसे को साझा किया। वर्ल्ड रेडियो डे पर शहरवासियों ने यही कहा कि प्लेटफॉर्म बदल सकते हैं, लेकिन आवाज का यह रिश्ता हमेशा कायम रहेगा।



### रेडियो सुनने का बचपन का शौक आज भी है कायम

दीपा मेश्राम ने बताया कि वे रेडियो में 2023 से काम कर रही है लेकिन रेडियो सुनने का बचपन से ही शौक था जब भी रेडियो सुनती थी तो लगता था काश मेरी आवाज़ भी रेडियो पर सुनाई देती और आख़िरकार सपना एक दिन पूरा हुआ और जब मैंने ऑल इंडिया रेडियो में स्वर परीक्षा दी और कैजुअल अनाउंसर के रूप में चयनित हुई। हालांकि वे अदा मिस मिसेज इंडिया क्लासिक की विजेता रह चुकी है, लेकिन मॉडलिंग को ना अपनाते हुए उन्होंने अपने जीवन में रेडियो को चुना क्योंकि रेडियो मेरे लिए सुकून है रेडियो में मैं फ़ोन इन फ़रमाइश, डॉक्टर की सलाह, इंटरव्यू,फीचर फरमाइशी कार्यक्रम, सबरंग,नमस्कार रायपुर जैसे कार्यक्रम करती है। दीपा कहती है कि लोग कहते है कि रेडियो की प्रासंगिकता अब धीरे-धीरे कम होती जा रही है पर मेरा कहना है कि रेडियो ही एक ऐसा माध्यम है जिसे हम अपने किसी भी कार्य को करते हुए सुन सकते हैं। आज भी हर वर्ग का व्यक्ति रेडियो सुनना पसंद करता हैं रेडियो में आज भी बेहद प्रमाणिक समाचार आते हैं जिसमें किसी भी समाचार को बहुत बड़ा चढ़ा कर नहीं बताया जाता और रेडियो में हर वर्ग के लोगों के कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं।

मीडिया विशेषज्ञ मानते हैं कि आपदा या आपात स्थिति में भी रेडियो सबसे भरोसेमंद माध्यम साबित होता है। कम संसाधनों में अधिकतम लोगों तक सूचना पहुंचाने की इसकी क्षमता आज भी बेमिसाल है।

- आकाशवाणी रायपुर की खासियत
- विश्वसनीय समाचार और जनजागरुकता
- कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य आधारित कार्यक्रम
- लोकसंस्कृति और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच





वैष्णव समाज सदस्या और गृहिणी रीता वैष्णव ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि आज भी सुबह पूजा-पाठ के समय रेडियो लगा रहता है। काम करते-करते कार्यक्रम सुनना आसान होता है, इसलिए रेडियो कभी पुराना नहीं लगता। रीता बताती है कि शादी के बाद रेडियो सुनना बंद हो गया था लेकिन कुछ साल बाद वापस भिलाई की सहेलियों ने कारवा रेडियों बर्थडे गिफ्ट किया और फिर से रेडियों सुनने का कारवां जारी हो गया।

आकाशवाणी रायपुर से जुड़े एक कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता दीपा मेश्राम के अनुसार रेडियो का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना भी है। हम शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और शासन की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाते हैं। श्रोताओं का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

वह दौर आज भी लोगों की स्मृतियों में ताजा है जब घर का ट्रांजिस्टर परिवार के हर सदस्य को एक जगह बैठा देता था। समाचार, भक्ति संगीत, कृषि कार्यक्रम, नाटक और फरमाइशी गीत, इन सबने रेडियो को जीवन का हिस्सा बना दिया था। छत्तीसगढ़ में आकाशवाणी रायपुर ने दशकों से इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्रोताओं को विश्वसनीय जानकारी और समृद्ध मनोरंजन दिया है। युवाओं के बीच भी रेडियो ने खुद को नए अंदाज़ में ढाला है। कॉलेज छात्रा नेहा सिंह कहती हैं, एफएम पर आरजे की एनर्जी, म्यूजिक और इंटरैक्शन अच्छा लगता है। मोबाइल पर भी सुन सकते हैं, इसलिए यह हमेशा साथ रहता है।



### क्रिकेट की लाइव कांमेट्री का अलग ही रोमांच- रमेश

दुर्ग निवासी रमेश पटेल ने रेडियों में आने वाली उस दौर के क्रिकेट की लाइव कांमेट्री को हूबहू बोलते हुए चर्चा की। उन्होंने अपने समय की यादों को खुशी के साथ शेयर करते हुए बताया कि पहले के दौर में सबसे ज्यादा क्रिकेट की लाइव कांमेट्री रोमांचित करती थी, साथ ही आकाशवाणी रायपुर के प्रादेशिक समाचार और बिनाका गीतमाला हम कभी नहीं छोड़ते थे। जब उद्घोषक नाम लेते थे तो लगता था जैसे परिवार का कोई सदस्य बुला रहा हो। रेडियों से क्रिकेट मैच की कामेट्री का आज भी अलग ही ऊर्जा से भर देते है। रमेश ने कहा कि समय आगे बढ़ता रहा, तकनीक बदलती रही, मगर रेडियो की आवाज़ आज भी भरोसे और अपनापन की पहचान बनी हुई है।

## स्कन्दाश्रम में महारुद्रम शिवरात्रि महोत्सव की हुई शुरुआत, तमिलनाडु के वेदाचार्यों ने किया मंत्रोच्चार

**भिलाई।** स्कन्दाश्रम में गुरुवार से रूद्रम शिवरात्रि महोत्सव की शुरूआत हुई। 12 से 16 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव के पहले दिन दीदी शिवरंजनी के मार्गदर्शन में सप्तीगिरी शास्त्रीगल इरोड तमिलनाडु और उनके साथी वेदाचार्यों द्वारा सुबह साढ़े 5 बजे सर्वप्रथम आश्रम में स्थित मंदिर में भगवानों से अनुमति लेकर गणपति पूजा की गई। इस पांच दिवसीय आयोजन में स्कन्दाश्रम परिसर में 11 काल में 11 वेदाचार्यों द्वारा 1331 बार रूद्रम और अभिषेकम किया जाएगा।

जिसके बाद दीदी शिवरंजनी और वहां मौजूद समस्त भक्तजनों ने महा-संकल्पम लिया और फिर वेदाचार्यों द्वारा 11 कलशों की प्रतिष्ठा की गई। स्कन्दाश्रम में मौजूद दुर्लभ पारद शिवलिंग का प्रथम दिवस के प्रथम काल में दूध, दही, घी, शहद और विभिन्न फलों के रस से अभिषेक किया गया।



छोटे स्वामी रामाकृष्णा ने जानकारी देते हुए बताया कि मणिस्वामी गुरुजी द्वारा शुरू किए गए महोत्सव में 16 फरवरी तक स्कन्दाश्रम परिसर में 11 काल में 11 वेदाचार्यों द्वारा कुल 1331 बार रूद्रम और चमकम (फूलों से अभिषेक) का जाप किया जाएगा।



## याद-ए-लता स्वरांजलि कार्यक्रम कला मंदिर में आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एस.सी.-एस.टी. एम्पलाईज एसोसिएशन और रूप रागिनी म्यूजिक एकेडेमी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार की शाम 6 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेन्टर, भिलाई में भारत रत्न, स्वर कोकिला स्व लता मंगेशकार की स्मृति में याद-ए-लता स्वरांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लता युगल किशोर उर्वशा ज्वाइंट कलेक्टर जिला राजनांदगाव छ.ग. होंगे। इस अवसर पर दुर्ग महापौर अलका बाघमार ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, भूपेन्द्र कुलदीप रजिस्ट्रार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, मंजू अरूण वोरा, श्वेता धीरज बाकलीवाल, रिचा रिकेश सेन, छवि निगम, भिलाई महिला समाज से पूनम कुमार, केका सरकार, स्मिता भास्कर, आभा कुमार, सोनाली रथ, दीपान्विता पॉल, शिखा जैन, रीता तिवारी सहित एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद उपस्थित रहेंगे। एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे और रूप रागिनी म्यूजिक एकेडेमी के डायरेक्टर रूपाली साखरे ने दुर्ग-भिलाई के निवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस लाइव म्यूज़िक संगीत शाम का आनंद उठाने अपील की है।



202 छत्तीसगढ़ प्रांतीय और प्रतिनिधि सभा ने जलाए दीप

## स्वामी दयानंद सरस्वती की 202 वीं जयंती पर सेवा, संस्कार और समाजोत्थान के आयोजन, जले दीप और खिचड़ी का वितरण

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** स्वामी दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती के अवसर पर दुर्ग-भिलाई के आसपास के क्षेत्रों में आर्य समाज द्वारा सेवा, संस्कार और समाजोत्थान को केंद्र में रखकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में सेवाकार्य किया गया वहीं शाम को आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग में में 202 दीप जलाएं गए। साथ ही अग्रसेन चौक में लगभग 2 हजार लोगो को खिचड़ी का वितरण किया गया। यह आयोजन आर्य समाज का छठवा नियम संसार का उपकार यानी शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करने के उद्देश्य से सभी कार्यक्रमों का संचालन किया गया।

इस दौरान आर्य समाज के कार्यकर्ता पुलगांव स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचे और वहां सेवा कार्य किया। वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं और दैनिक जीवन की परेशानियों को समझते हुए यथासंभव सहयोग किया। इस सेवाकार्य में हेमा सक्सेना, आशुतोष सिंह, नरेश सिंगरौल और टकेश्वर साहू सहभागी बनकर सेवा कार्य में सक्रिय रहे।

वृद्ध आश्रम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने आर्य समाज के छठे नियम की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि संसार का उपकार करना केवल उपदेश नहीं बल्कि जीवन जीने की पद्धति है। शारीरिक उन्नति का अर्थ स्वस्थ जीवन आत्मिक उन्नति का अर्थ सद्विचार और नैतिकता तथा सामाजिक उन्नति का अर्थ समता सहयोग और सेवा की भावना है। उन्होंने बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों की ओर लौटने का संदेश देकर समाज को अंधविश्वास रूढ़ियों और असमानताओं से मुक्त करने का मार्ग प्रशस्त किया। आज के भौतिकवादी युग में उनके विचार और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं क्योंकि वे व्यक्ति निर्माण चरित्र निर्माण और समाज निर्माण पर बल देते हैं। डॉ. आर्य ने स्पष्ट किया कि सच्ची श्रद्धा सेवा में और सच्चा धर्म मानव मात्र के कल्याण में निहित है।





समाजसेवी मनोज ठाकरे ने अपने साथियों के साथ इस अवसर पर आर्य समाज की सदस्यता ग्रहण की। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग एवं रवि आर्य ने नगरवासियों को महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आर्य समाज शिक्षा सेवा और सुधार के माध्यम से समाज को जागृत करने का कार्य निरंतर करता रहेगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ क्रांति आर्य प्रतिनिधि सभा दवरा अग्रसेन चौक में लगभग 2000 लोगों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय में भी जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य अंजू ठाकुर ने विद्यार्थियों को स्वामी दयानंद जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि दयानंद की शिक्षाएं आज भी विद्यार्थियों को जीवन की सही दिशा देने में सक्षम हैं।

लाइव इवेंट

## मन में दृढ़ इच्छा हो तो कोई भी बाधा आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती



**भिलाई।** कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा वृद्ध और दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के जरूरतमंदों ने हिस्सा लिया, जहां विशेषज्ञों द्वारा उनके स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक कृत्रिम अंगों व उपकरणों के लिए चयन किया गया।

- कल्याणी संस्था के शिविर में उमड़े वृद्ध और दिव्यांगजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह थे। वे स्वयं 90 प्रतिशत दिव्यांगता के बावजूद समाज सेवा में सक्रिय हैं। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि अक्षमता केवल शरीर में होती है, अगर मन में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कोई भी बाधा हमें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। संस्था के संचालक अजय कल्याणी ने बताया कि कल्याणी संस्था पिछले 23 वर्षों से नशा मुक्ति और वृद्धों की सेवा में जुटी है। उन्होंने कहा कि संस्स्था का लक्ष्य है कि कोई भी दिव्यांग या बुजुर्ग साधनों के अभाव में मजबूर न रहे। आज के शिविर में चयनित लाभार्थियों का डेटा तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है, ताकि उन्हें जल्द से जल्द व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल और श्रवण यंत्र जैसे उपकरण मिल सकें। उल्लेखनीय है कि कल्याणी संस्था अब तक 364 से अधिक जागरूकता अभियान चला चुकी है और 1950 से अधिक व्यक्तियों को नशा मुक्त कर समाज की मुख्यधारा में वापस ला चुकी है। शिविर के दौरान संस्था के वालंटियर्स ने लाभार्थियों के फॉर्म भरने और जांच प्रक्रिया में विशेष सहयोग प्रदान किया।




सिटी इवेंट

## शासकीय नर्सिंग कॉलेज की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस कल

**भिलाई।** शासकीय नर्सिंग कॉलेज (स्व. चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग) की ओर से एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस (हाइब्रिड मोड) का आयोजन 14 फरवरी शनिवार को सुबह 11 बजे से कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया है। आयोजन की चेयरपर्सन और नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रीमा राजेश ने बताया कि दिन भर चलने वाली इस कान्फ्रेंस का विषय सीमाओं से परे नर्सिंगः स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता लाने वाला गुणात्मक अनुसंधान रखा गया है। आयोजन सचिव सपना ठाकुर एसोसिएट प्रोफेसर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग दुर्ग, समन्वयक डॉ. वंदना चौहान एसोसिएट प्रोफेसर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग दुर्ग,डॉ. ममता शशि साहू एसोसिएट प्रोफेसर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, दुर्ग,डॉ. कल्पना भूषण जोशी एसोसिएट प्रोफेसर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग दुर्ग तैयारियों में जुटे हैं। इस दौरान विभिन्न सत्रों में प्रमुख रूप से डॉ. नैन्सी फर्नांडीस परेरा एकेडमिक एडवाइजर, एसएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वापी, पूर्व प्रिंसिपल, एलटी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एसएनडीटी यूनिवर्सिटी, मुंबई,चेयरपर्सन डॉ. भावना चक्रवर्ती एसोसिएट प्रोफेसर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, दुर्ग, डॉ. विष्णु रंजीत और रंजुला यशोधरन, डॉ. जिबी जॉर्ज सीईओ आदेश्वर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस सहित अन्य मार्गदर्शन देंगे।

## सेंट थॉमस कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के स्टूडेंट विश्वविद्यालय स्तर पर टॉप 10 में




**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज, रूआबांधा के मनोविज्ञान विभाग ने हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी, दुर्ग द्वारा आयोजित एमए मनोविज्ञान परीक्षा (सत्र 2025–26) में शानदार कामयाबी हासिल की। एकेडमिक तौर पर एक बड़ी कामयाबी में विभाग के स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी मेरिट लिस्ट में टॉप 10 रैंक हासिल की, जो एकेडमिक उत्कृष्टता के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनमें मुस्कान खान और निवेदिता सिंह (रैंक -I), निम्मी पप्पाचन (रैंक 2), आफरीन हुसैन (रैंक 3), प्रांजक्ता जोशी (रैंक 4), सुकन्या आनंदिता जेना (रैंक 5), तपसी गांगुली (रैंक 6), राजेश कुमार तिवारी (रैंक 7), शुभ्रा चक्रवर्ती (रैंक 8), श्रुति दास (रैंक 9) और पायल राठी (रैंक 10) शामिल हैं।

डीन (एकेडमिक्स) और मनोविज्ञान विभाग प्रमुख ने स्टूडेंट्स की तारीफ़ करते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन उनके समर्पण, लगन और एकेडमिक मेहनत को दिखाता है, जिसे संकाय सदस्यों के प्रतिबद्ध मार्गदर्शन से और मज़बूती मिली है। यूनिवर्सिटी के लगातार अच्छे रिज़ल्ट एक बार फिर कॉलेज के मज़बूत एकेडमिक कल्चर और बेहतरीन काम की लगातार कोशिश को दिखाते हैं। चेयरमैन, एच.जी. एलेक्सियस मार यूसेबियस; एडमिनिस्ट्रेटर, रेव. फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस और प्रिंसिपल, डॉ. शाइनी मेंडोंसे ने विभाग और स्टूडेंट को इस शानदार कामयाबी के लिए बधाई दी और भरोसा जताया कि इंस्टिट्यूशन की यह उत्कृष्ट परंपरा जारी रहेगी।

---

गजानन महाराज मंदिर हुडको में मनाया गया 47वां प्रकट दिनोंत्सव, श्रद्धालुओं ने किया हरि कीर्तन

# प्रकटोत्सव में निकाली पालकी यात्रा, भाकर और गोपाल काला का लगाया भोग, उमड़े भक्त

भिलाई। श्री गजानन महाराज गुणगान मंडल हुडको में संत गजानन का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। गजानन महाराज हुडको मंदिर में 47वां महोत्सव माघ संकष्टी चतुर्थी से माघ माह के नवमी तिथि तक आयोजित किया गया था। जिसके अंतिम दिन हरिपाठ के बाद दिन में संत गजानन का प्रिय पारंपरिक व्यंजन झुनका-भाखर और गोपालकाला का भोग लगाया गया और लगभग 8 हजार लोगो ने महाप्रसाद ग्रहण किया। सात दिवसीय आयोजन का समापन शाम को पालखी यात्रा निकाल कर की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त गाजे-बाजें की धुन में भावित भाव से नाचते झूमते दिखाई दिये। इस अवसर पर मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की गई। पूजा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए साथ ही भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भी मंदिर पहुंचकर गजानन महाराज की पूजा की और आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।





### निकाली पालकी यात्रा

विधायक ने गजानन महाराज के दर्शन कर आर्शिवाद लिया और महाभंडारे में प्रसादी का वितरण भी किया। शाम को आरती के बाद पालकी यात्रा निकाली गई। जो विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए निकली। इस सात दिवसीय महोत्सव में विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान सुबह पूजा पाठ कर रंगोली व सुंदर फूलों से मंदिर को सजाकर गजानन महाराज की मूर्ति पूजा व अभिषेक किया गया। बुधवार की सुबह 9 बजे से पूजा व आरती, 10 बजे महाराष्ट्र द्वारा भजन, कीर्तन, हरिपाठ व दोपहर को 1 बजे के बाद महा प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। छोटे बालक के रूप में दही हांडी तोड़ी गई। सुबह 10 बजे श्याम घुमेकर द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया।







**गजानन महाराज भगवान गणेश के अवतार :** यह माना जाता है की गजानन महाराज भगवान गणेश के अवतार है। गजानन मंदिर में आज गोपाल काला का विशेष प्रसाद के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गोपाल काला का प्रसाद सभी ऊंच-नीच का भेदभाव भूलकर सभी गजानन भक्त प्रेम से गोपाल काला का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

**आयोजन के 47वें वर्ष में हुए अनुष्ठान :** हुडको में स्थित श्री गजानन महाराज का मंदिर भव्य और जीवंत है। गजानन महाराज प्रकट दिनोत्सव के अवसर पर गजानन महाराज गुणगान मंडल भिलाई के द्वारा प्रतिवर्ष अनुष्ठान तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मंदिर में गणपति पूजन, पुण्याहवाचन, कलश स्थापना, लघु रुद्राभिषेक, श्रीजी आरती, प्रसाद वितरण इत्यादि का आयोजन किया गया।

### महाभंडारे में श्रद्धालुओं को वितरित किया महाप्रसाद

मंदिर के संस्थापक बसंत राव कापरे ने बताया कि इस प्रसाद में विशेष दही पोहा, नारियल, शक्कर, नींबू, आम का अचार फल मिर्ची के मिश्रण से प्रसाद तैयार होता है। गजानन महाराज के विशेष प्रसाद ज्वांर की रोटी, बेसन, मोदक, मिर्ची का ढेचा, प्याज गजानन महाराज प्रिय भोजन होने के कारण आज आयोजित महाभंडारे में सभी भक्तों को यह प्रसाद वितरित किया गया था। इस अवसर पर शाम को 5 बजे से संत सेवा समिति सेक्टर 2 दवरा हरिपाठ व भजन-कीर्तन किया गया। उसके बाद 6.30 बजे से गजानन महाराज पालकी यात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर गजानन महाराज मंडल के परिवार के सभी सदस्य विशेष रुप से कार्यक्रम में उपस्थित थे।



---

साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

## इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक





**भिलाई।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग में साइबर अपराध को रोकने और छात्रों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें साइबर पुलिस ने विद्यालय का दौरा कर बच्चों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

विद्यालय के निदेशक इंफ्रास्ट्रक्चर बृजमोहन उपाध्याय ने विद्याथियों को समझाया कि तेजी से बढ़ते ऑनलाइन उपयोग के कारण साइबर अपराधों में वृद्धि हो रही है, इसलिए छात्रों का सतर्क और जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। इंस्पेक्टर साइबर एक्सपर्टकार्यक्रम डॉ. संकल्प राय ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, साइबर बुलिंग, फर्जी अकाउंट, सोशल मीडिया का दुरुपयोग तथा अनैतिक ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने ऐसे अपराधों के कानूनी परिणामों के बारे में भी जागरूक किया। अधिकारी ने विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, पहचान की चोरी, साइबर बुलिंग, फर्जी प्रोफ़ाइल, पासवर्ड हैकिंग, सोशल मीडिया के दुरुपयोग के बारे में सरल और स्पष्ट उदाहरणों के साथ जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को साइबर सुरक्षा से जुड़े कुछ आवश्यक नियमों का पालन करने की सलाह दी। बच्चों को बताया गया कि व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी किसी से भी साझा न करना। साथ ही अनजान लिंक, मैसेज या कॉल पर क्लिक न करें। सोशल मीडिया पर मर्यादा और सावधानी के साथ व्यवहार करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत माता-पिता, शिक्षक या साइबर पुलिस को दें। संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक ज्ञान और आत्मविश्वास प्रदान करना था।

16वें विशेष गुरमत समागम का आयोजन

## सामाजिक कार्यों में निरंतर योगदान के लिए इंद्रजीत का हुआ सम्मान





**भिलाई।** गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह सुपेला भिलाई में साहिबजादा बाबा अजीत सिंह के जन्म दिहाड़ा के अवसर पर 16वें विशेष गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इसमें यूथ सिख सेवा समिति और सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह को सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में इंद्रजीत सिंह उर्फ छोटू ने कहा वह हर समाज के लोगों को खुश देखना चाहते हैं, इसके लिए जहां भी आवश्यकता पड़ेगी उनकी संस्था सदैव मदद के लिए खड़ी है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सिख समाज के सेवा कार्यों में निरंतर विशेष योगदान के लिए इंद्रजीत सिंह और उनके साथ उपस्थित समिति के सदस्यों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल, कुलवंत कौर, सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शानू, अनिल चौधरी, डॉ. हरजिंदर सिंह सहित गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यगण सहित बड़ी संख्या उपस्थित थे।

---

रुंगटा यूनिवर्सिटी के एमएसएमई फैसिलिटेशन सेंटर ने उद्यमियों को दी ट्रेनिंग

# संभाग के उद्यमियों को मिलेगी पेटेंट पर 5 लाख तक मदद ट्रेडमार्क की राशि होगी वापस, नए उत्पाद को करेंगे प्रोत्साहित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अब छोटा और मध्यम उद्योग भी अपने नवाचार को कानूनी सुरक्षा देकर बड़े बाजार में कदम रख सकता है। यदि किसी उद्यमी ने नया उत्पाद तैयार किया है, कोई नई तकनीक विकसित की है या अपना ब्रांड शुरू किया है, तो सरकार उसकी सुरक्षा के लिए आर्थिक सहायता भी दे रही है। ये बातें गुरुवार को रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में स्थापित एमएसएमई फैसिलिटेशन सेंटर द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बताई गईं। कार्यक्रम में मौजूद रुंगटा बिजनेस इनक्यूबेशन के सीईओ जी वेणुगोपाल ने बताया कि अब उद्यमी को ट्रेडमार्क पंजीयन पर 10 हजार रुपये, देश में पेटेंट पर 1 लाख रुपये और विदेश में पेटेंट पर 5 लाख रुपये तक की राशि वापस मिल सकती है। साथ ही पूरी प्रक्रिया में निःशुल्क मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। एमएसएमई कि फैसिलिटेशन सेंटर से उद्यमी तमाम तरह की जानकारी ले सकेंगे।



### संभाग स्तर पर करेंगे जागरूक

एमएसएमई फैसिलिटेशन सेंटर के स्पोक पर्सन डॉ रामकृष्ण राठौर ने कहा कि, केंद्र सरकार की नवाचार योजना के तहत लगभग 47 लाख रुपये के अनुदान से यह केंद्र स्थापित किया गया है, जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, स्टार्टअप और नवप्रवर्तकों को पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेतक पंजीयन में निःशुल्क सहायता करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के राज्य महासचिव अजय भसीन थे। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार लेने से उद्योगों को नकल और अवैध प्रतिस्पर्धा से सुरक्षा मिलती है। इससे ब्रांड की विश्वसनीयता बढ़ती है, निवेश आकर्षित होता है और व्यवसाय का मूल्य भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय उद्यमी अपने नवाचार को सुरक्षित करें तो वे राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने इसके लिए संभाग के सभी उद्यमियों को आगे आने के लिए अपील भी की।




### उद्यमियों को क्या मिला

कार्यक्रम में महिला उद्यमी सरोज देवी (सरोज स्टील्स) को सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ट्रेडमार्क पंजीयन से ब्रांड की अलग पहचान बनती है और बाजार में भरोसा कायम रहता है। कार्यक्रम में चार सत्र आयोजित किए गए, जिनमें सरल भाषा में पेटेंट और ट्रेडमार्क की प्रक्रिया, तकनीकी सुविधाएं, सफल उद्योग की कहानी और नवाचार आधारित व्यवसाय बढ़ाने के उपाय बताए गए। दुर्ग, भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों से 70 से अधिक उद्यमियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपने सवालों के जवाब हासिल किए। कार्यक्रम का समन्वय अनुराग शर्मा ने किया। कार्यक्रम रुंगटा यूनिवर्सिटी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ एजाजुद्दीन के मार्गदर्शन में हुआ। एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग के ट्रेनर्स भी मौजूद रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विदर्भ के विरुद्ध महक और तरन्नुम की शानदार पारी





**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 06 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच गुरुवार को बडौदरा में विदर्भ टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ की लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए विदर्भ को 7 विकेट से हराया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 47.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 158 रन ही बनाये। विदर्भ की ओर से कप्तान दिशा कसाट ने 65 रन तथा लतिका इनामदार ने 27 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त मोना ने 17 रन बनाये। छत्तीसगढ़ टीम के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुये विदर्भ के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोके रखा तथा नियमित अंतराल में विकेट लेते रहें। छत्तीसगढ़ की ओर से महक नरवसे तथा तरन्नुम पठान ने 4-4 विकेट प्राप्त किया। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 47.3 ओवरों में 3 विकेट खोकर 159 रन बनाकर मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से महक नरवसे ने दोहरा प्रदर्षन करते हुये 66 रनों का योगदान दीया। उनके अतिरिक्त शिल्पा साहु ने महत्वपूर्ण 45 रन तथा कप्तान कृति गुप्ता ने 27 नाबाद रनों का योगदान दिया। विदर्भ की ओर से कोमल, कंचन तथा आरती बेहनवाल ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 7 विकेट से जीत लिया। महक नरवसे प्लेयर ऑफ द मैच बनीं।

### बीएसपी, दुर्ग, कोरबा की जीत, जशपुर-राजनांदगांव का मैच रहा ड्रॉ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के अंतिम दिन शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम बीएसपी ने रायगढ़ के विरुद्ध एक पारी एवं 278 रन से मैच जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में रायगढ़ टीम पहली पारी में 125 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी ने पहली पारी 9 विकेट पर 671 रन बना कर पारी घोषित कर दी। बल्लेबाजी में रायगढ़ टीम दूसरी पारी में 268 रन पर आउट हो गई।

आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में टीम दुर्ग ने कवर्धा के विरुद्ध तीन रन से जीत के साथ 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी में 302 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा टीम पहली पारी में 168 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम दूसरी पारी में 202 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा टीम दूसरी पारी में 333 रन पर आउट हुई।राजनांदगांव में टीम जशपुर के विरुद्ध राजनांदगांव का मैच ड्रॉ रहा। राजनांदगांव को पहली पारी की बढ़त के आधार पर 03 अंक और जशपुर को 01 अंक मिले। बल्लेबाजी में राजनांदगांव टीम पहली पारी में 339 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में जशपुर टीम पहली पारी में 312 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने दूसरी पारी आठ विकेट पर 225 रन बनाए।

धमतरी में टीम कोरबा ने कांकेर के विरुद्ध 24 रन से जीत के साथ 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में कोरबा टीम पहली पारी में 187 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में कांकेर टीम पहली पारी में 179 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में कोरबा टीम दूसरी पारी में 180 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में कांकेर टीम दूसरी पारी में 164 रन पर आउट हुई। न्यू ग्राउंड कांकेर में हुए मैच में टीम बस्तर ने महासमुंद के विरुद्ध 158 रन से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में बस्तर टीम पहली पारी 447 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में महासमुंद टीम 213 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बस्तर टीम दूसरी पारी में 90 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में महासमुंद दूसरी पारी 165 रन पर आउट हुई।

### पावर लिफ्टिंग एवं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप रायपुर में 21 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे सिंधी धर्मशाला लाखे नगर पुरानी बस्ती में पावर लिफ्टिंग एवं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 21 फरवरी को किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 22 जिलों के करीब 150 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## बेहतर सेहत के लिए किडनी-लिवर का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी

# किडनी-लिवर को रखना है सेहतमंद तो उठाएं जरूरी कदम, 40 फीसदी बीमारियों के लिए यही हैं जिम्मेदार

किडनी और लिवर हमारे शरीर के दो सबसे प्रमुख अंग हैं। किडनी जहां रक्त को फिल्टर करके उससे अपशिष्टों को बाहर निकालने, शरीर में रसायनों-द्रव के संतुलन को ठीक रखने में मदद करती है, वहीं लिवर रक्त में अधिकांश रासायनिक स्तरों को नियंत्रित करता है और पित्त नामक उत्पाद का उत्सर्जन करता है। भोजन के पाचन को ठीक रखने में भी लिवर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शरीर को स्वस्थ रखने और विषाक्तता को दूर करने के लिए इन दोनों अंगों का ठीक रहना जरूरी है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पिछले कुछ वर्षों में जिन अंगों से संबंधित बीमारियों को सबसे ज्यादा बढ़ते देखा गया है, किडनी-लिवर उनमें से एक हैं। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के अलावा बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता और धूम्रपान-शराब की आदत को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### धूम्रपान-शराब का सेवन सबसे खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी और लिवर दोनों की बढ़ती समस्याओं के लिए धूम्रपान-शराब पीने की आदत को जोखिम कारक पाया गया है, ये



इन दोनों अंगों की 40 फीसदी से अधिक बीमारियों के लिए जिम्मेदार हैं। भारतीय आबादी में बड़ी संख्या में लोग इस गड़बड़ आदत के शिकार हैं।

किडनी और लिवर की दिक्कतें न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, साथ ही इसके जानलेवा दुष्प्रभावों का भी खतरा रहता है, इसलिए जरूरी है कि इस आदत से समय रहते दूरी बना लिया जाए।

### धूम्रपान से होने वाले नुकसान

धूम्रपान, किडनी-लिवर दोनों अंगों को कई तरह से गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। इतना ही नहीं इससे किडनी के कैंसर का जोखिम भी बढ़ सकता है। धूम्रपान आपके हृदय और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाती है, जिससे किडनी में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है और किडनी की दिक्कतें भी बढ़ सकती हैं।



इसी तरह से धूम्रपान करने वाले लोगों के लिवर में वसा के निर्माण और लिवर में सूजन का भी खतरा अधिक देखा जाता रहा है। इस तरह के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए धूम्रपान छोड़ना एक प्रभावी तरीका हो सकता है।

### शराब से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

धूम्रपान की ही तरह से शराब के कारण भी लिवर-किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों के विकसित होने का जोखिम रहता है। अल्कोहल का अधिक सेवन करने वाले लोगों में समय के साथ लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के विकसित होने का खतरा हो सकता है। लिवर की ही तरह शराब के



कारण किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। अत्यधिक शराब के सेवन से किडनी में तरल पदार्थ, इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बाधित हो सकता है। शराब पीने वाले लोग किडनी से संबंधित कई गंभीर समस्याओं के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं।

### कैसे रखें इन अंगों का ख्याल

विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में कुछ प्रकार के बदलाव आपकी किडनी-लिवर को स्वस्थ रखने में सहायक हो सकते हैं। इसके लिए वजन को कंट्रोल रखना, संतुलित आहार का सेवन करना, नियमित रूप से व्यायाम करना जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमें बिना डॉक्टर की सलाह के ओवर-द-काउंटर दवाओं के सेवन से भी बचना चाहिए। शराब-धूम्रपान से दूरी बनाए रखना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में मददगार हो सकता है।

# इस योगासन में छिपा महिलाओं की बहुत सी समस्याओं का हल

महिलाओं को सेहतमंद रहने के लिए योगा को अपने रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। योगासन, डाइजेशन, ग्लोइंग स्किन, वेट लॉस और शरीर में लचीलापन बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। कहते हैं कि सबसे बड़ा सुख निरोगी काया होती है। यह बात पूरी तरह सच है। निरोगी रहने में योग आपकी काफी मदद कर सकता है। खासकर, महिलाओं के लिए योग बहुत जरूरी माना जाता है। वेट लॉस से लेकर डाइजेशन सुधारने तक में योग बहुत फायदेमंद होता है। यहां तक कि महिलाओं की फर्टिलिटी सुधारने और पीरियड्स से जुड़ी परेशानियों से निजात दिलाने में भी योग का अहम रोल है। अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रही हैं, तो भी आपको योग को रूटीन में शामिल करना चाहिए। यहां हम आपको 1 ऐसे योगासन के बारे में बता रहे हैं, जो महिलाओं की 10 समस्याओं का हल है। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। नताशा सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

### महिलाओं के लिए हलासन करने का सही तरीका

सबसे पहले योगा मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने पैरों को धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठाएं। पैरों को धीरे-धीरे पहले 30 और फिर 90 डिग्री पर ऊपर लेकर जाएं। अब आपको आराम से पैरों को सिर के पीछे की ओर ले जाना है। अपनी पीठ को भी ऊपर की ओर उठाएं। सांस को धीरे-धीरे छोड़ें। अब अपने पैरों को सिर के पीछे की तरफ टिका दें। सांसों को सामान्य रखें। आप अपनी पीठ को हाथों का सहारा दे सकती हैं। इस स्थिति में कुछ देर रहें। फिर ओरिजनल पोजिशन में आने की



कोशिश करें।

### महिलाओं के लिए हलासन के फायदे

पेट की जिद्दी चर्बी को कम करने में यह आसन बहुत असरदार है। इससे वेट लॉस होता है और बेली फैट भी कम होता है। गैस, कब्ज और अपच को दूर करने में भी यह आसन फायदेमंद है। इसे रूटीन में शामिल करने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और डाइजेशन भी मजबूत होता है। इससे ब्लड फ्लो चेहरे की तरफ होता है और उससे चेहरे पर निखार आता है। इससे एक्ने और एजिंग के साइन्स दूर करने में भी मदद मिलती है। पीरियड्स, स्ट्रेस और गर्दन के दर्द को भी इस आसन के अभ्यास से दूर किया जा सकता है। इससे पीठ और पेट की मसल्स भी मजबूत होती हैं। यह पैरों की ऐंठन को कम करता है। इससे फर्टिलिटी में सुधार होता है। यह आसन मेनोपॉज के लक्षणों में भी आराम देता है। हलासन महिलाओं की कई समस्याओं को दूर कर सकता है। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।

# किस विधि से माथे पर लगाना चाहिए चंदन?



माथे पर तिलक लगाना सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। किसी भी शुभ काम का आयोजन होने से पहले माथे पर तिलक लगाया जाता है। तिलक लगाने का आशय है कि किसी भी शुभ कार्य में लगाया जाने वाला शुभ चिह्न। तिलक दोनों भौहों के बीच लगाया जाता है।

ज्योतिष शास्त्र में अनामिका अंगुली या छोटी अंगुली के पास वाली अंगुली से माथे पर लाल चंदन लगाने से कुंडली में स्थित सूर्य (सूर्य मंत्र) की स्थिति मजबूत हो सकती है और व्यक्ति को कभी अशुभ प्रभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। अनामिका अंगुली से लाल चंदन लगाने पर व्यक्ति को मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है और शुभ योग भी बनते हैं। अगर आप पीले चंदन को अपने माथे पर लगा रहे हैं, तो सीधे डिब्बे से निकालकर न लगाएं। उसे पहले अपनी हथेली पर रखें और उसे घिसकर फिर अपने माथे पर लगाएं। इससे हथेली में स्थित रेखाओं की स्थिति में सुधार हो सकता है और अगर कुंडली में ग्रहदोष (ग्रह दोष उपाय) होगा, तो उससे भी छुटकारा मिल सकता है। कनिष्ठा अंगुली या छोटी अंगुली से माथे पर तिलक लगाने से ग्रहों के राजकुमार बुधदेव की कुंडली में स्थिति मजबूत हो सकती है। साथ ही अशुभ प्रभाव से भी छुटकारा मिल सकता है। ज्योतिष शास्त्र में बुध संचार कौशल, तीव्र बुद्धि, याददाश्त, संचार कौशल का कारक ग्रह माने जाते हैं। साथ ही व्यक्ति के जीवन में चल रही परेशानियां भी दूर हो सकती है।



# पढ़ाई से जी चुराने वाले बच्चे भी खुद से बैठने लगेंगे पढ़ने

बच्चे ज्यादातर पढ़ाई करने में आनाकानी करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि पेरेंट्स उनके भविष्य के लिए पहले से ही तैयार रहें। इसके लिए हमने आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व प्रमुख सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई से जी चुराने वाले बच्चों के लिए पेरेंट्स को कुछ महत्वपूर्ण बातें ध्यान रखने की जरूरत है। एक्स्पर्ट ने इसके लिए कई टिप्स भी बताए हैं, जिसे फॉलो करने के बाद आपके बच्चे खुद व खुद पढ़ने के लिए बैठने लगेंगे। तो चलिए जानते हैं उन कमाल की पेरेंटिंग टिप्स के बारे में।

### बच्चों के साथ बनाए रखें कम्युनिकेशन

बच्चों को समझाने और उन्हें कामयाब बनाने के लिए बेहद जरूरी है कि आप अपने बच्चों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। ताकि, वह आपके साथ कंफर्टेबल महसूस करे। साथ ही, आपसे अपनी समस्याओं को साझा कर सकें। इससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा और पढ़ाई में भी उत्साह मिलेगा।



### बच्चों के प्रश्नों का उत्तर दें

माता-पिता होने के नाते बेहद जरूरी है कि आप अपने बच्चों की पढ़ाई को विशेष महत्व दें। उन्हें हर कदम पर सहारा दें। बच्चे जब भी कोई सवाल करें, तो उनके प्रश्नों का उत्तर अवश्य दें। साथ ही, अगर उन्हें किसी टॉपिक में दिक्कत आ रही है, तो उनकी समस्याओं का हल भी जरूर निकालें। इससे बच्चे को भी महसूस होगा कि उनकी मेहनत को सम्मान दिया जाता है। इस तरह वे अपने अध्ययन में विश्वास रखेंगे और खुद से पढ़ने बैठ जाएंगे।

### प्रोत्साहन में न करें कमी

बच्चे को आगे बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है कि आप उन्हें समय-समय पर प्रोत्साहित करते रहें। साथ ही, उन्हें स्वतंत्र महसूस करवाएं। उन्हें हर टाइम सिर्फ पढ़ाई करने के लिए न बोलें। समय-समय पर छुट्टी भी दीजिए। उन्हें संगठित रूप से पढ़ने की सलाह दें। साथ ही, उन्हें स्वतंत्रता भी दें कि वे अपने तरीके से सोच सके और पढ़ सके।(आपका बच्चा नहीं कर पा रहा पढ़ाई?)

### प्रेरित करें

एक्स्पर्ट ने आखिर में यह भी सलाह दिया कि बच्चों की पढ़ाई में इंटरेस्ट जगाने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें प्रेरित करें। साथ ही, उन्हें उनके लक्ष्यों के प्रति उत्साहित करें और हमेशा उनकी इच्छाशक्ति के लिए उन्हें बधाई दें।

इन सभी पेरेंटिंग टिप्स का पालन करने से, बच्चे खुद से पढ़ने लगेंगे और उनकी पढ़ाई में भी रुचि बढ़ेगी। यह एक कमाल की प्रक्रिया है, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। अगर इसके बाद भी आपके बच्चे को पढाई मैं तकलीफ हो और उसके नंबर सही ना आ रहे हो तो किसी विशेषज्ञ से मिलकर सलाह ले।



## कार्नर न्यूज

## कुछ आसान से टिप्स बढ़ाएंगे आपकी जागरुकता को

# ऑनलाइन खरीदे गए सामान का नहीं मिल रहा रिफंड तो ऐसे करें शिकायत और पाएं पैसा वापस

अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कि अमेजान, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा आदि से ऑर्डर किया है, तो आप वहां से ऑर्डर को रद्द कर सकते हैं या फिर दिए गए इन तरीकों को फॉलो कर सकते हैं। ऑनलाइन खरीदारी करने में आज भी कई लोग हैं, जो घबराते हैं। असल में कई बार ऐसा होता है कि आपने ऑर्डर तो बुक कर दिया है, लेकिन डिलीवरी में गलत समान या गलत जगह पर आपकी डिलीवरी हो जाती है। तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में आप रिफंड पाने के लिए या सामान वापस करने के लिए क्या कर सकते हैं? अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से ऑर्डर बुक किया है, तो आप वहां से ऑर्डर को रिफंड या रिप्लेस कर सकते हैं। वहीं, अगर आपने ऑर्डर ऑफलाइन किया है, तो आप कंज्यूमर केयर पर जा सकते हैं।

ऑनलाइन खरीदारी में गलत सामान या गलत जगह पर डिलीवरी होने पर क्या करें? यहां कुछ तरीके दिए गए हैं।

### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से ऑर्डर रद्द करना

अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कि अमेजान, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा आदि से ऑर्डर किया है, तो



आप वहां से ऑर्डर को रद्द कर सकते हैं। आमतौर पर, ऑर्डर रद्द करने का विकल्प आपके ऑर्डर हिस्ट्री में उपलब्ध होता है। इसके लिए फ्लिपकार्ट पर जिस ऑर्डर को रिफंड या रिप्लेस करना है उस ऑर्डर को चुन लें। अब रिक्वेस्ट और रिटर्न के ऑप्शन पर क्लिक करें। ऑर्डर वेरिफिकेशन पूरा हो जाने के बाद जब ये प्रोसेस पूरा हो जाए तब आपके ऑर्डर का रिफंड आ जाएगा। कुछ ऐसा ही आपको अमेजान ऐप या वेबसाइट पर भी करना होगा। यहां आपको ट्रैक एंड मैनेज के ऑप्शन पर जाकर मांगी गई जरूरी डिटेल्स फिल कर दें। ऑर्डर रद्द करने के बाद, आपको एक रिफंड प्राप्त होगा, जो आपके बैंक खाते या क्रेडिट या डेबिट कार्ड में वापस आ जाएगा।

### कंज्यूमर केयर से संपर्क करना

अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के अलावा किसी अन्य वेबसाइट या विक्रेता से ऑर्डर किया है, तो आप कंज्यूमर केयर से संपर्क कर सकते हैं। कंज्यूमर केयर आपको रिफंड या सामान वापस करने में मदद कर सकता है। आप कंज्यूमर केयर को फोन, ईमेल या चैट के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

### कानूनी कार्रवाई करना

वहीं अगर आपने कोई सामान ऑफलाइन खरीदा हो तो आप कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 के तहत सेलर के पास गलत ऑर्डर के लिए एक लीगल नोटिस भेज सकते हैं। अगर 30 दिन में रिफंड नहीं आता है तो आप कंज्यूमर फोरम में भी शिकायत कर सकते हैं। अगर आपको रिफंड नहीं मिल रहा है या सामान वापस नहीं लिया जा रहा है, तो आप कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। आप उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। या फिर आप एक वकील से भी सलाह ले सकते हैं।

### यहां कुछ जरूरी बातें भी ध्यान में रखनी चाहिए

ऑर्डर रद्द करने या रिफंड पाने के लिए आपको ऑर्डर की पुष्टि ईमेल या रसीद की जरूरत होगी। आपको ऑर्डर रद्द करने या रिफंड पाने के लिए समय सीमा का ध्यान रखना होगा। आपको विक्रेता से बातचीत करने का प्रयास करना चाहिए और अगर वह सहयोग नहीं करता है, तो आपको कंज्यूमर केयर या कानूनी कार्रवाई का सहारा लेना चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रिस्टन स्टीवर्ट ने अमेरिका छोड़ने का बनाया मन, ट्रंप शासन पर कसा तंज



'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं। इस पर उनका जवाब था, 'शायद नहीं।' वह आगे कहती हैं, 'मैं यहां आजादी से काम नहीं कर सकती हूं।' अपने इंटरव्यू में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने ट्रंप की नीतियों को लेकर नाराजगी जाहिर की। वह कहती हैं, 'ट्रंप के राज में सच्चाई पूरी तरह से टूट रही है।' इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा कि अब अमेरिका में क्रिएटिव फ्रीडम खत्म हो रही है। इस बात का उन्हें दुख है। जहां तक अमेरिका छोड़कर दूसरी जगह बसने का सवाल है तो वह यूरोप जाना का मन बना रही हैं। दरअसल, जिस तरह की क्रिएटिव फ्रीडम क्रिस्टन को चाहिए, वह उन्हें यूरोप में मिल सकती है। साथ ही वह काफी समय से इंडिपेंडेंट सिनेमा और इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।

### टॉलीवुड

## रजनी की फिल्म पर 12 साल बाद हाई कोर्ट ने लगाया 2.52 करोड़ का जुर्माना



रजनीकांत की 12 साल पुरानी फिल्मस 'कोचादाइयां' के प्रोड्यूसर्स पर हाई कोर्ट ने 2.52 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। चार हफ्ते के अंदर उन्हें पैसे चुकाने को कहा गया है, या फिर 6 महीने जेल की सजा भुगतनी होगी। 2014 में रिलीज तमिल फिल्म 'कोचादाइयां' अचानक चर्चा में आ गई है। मद्रास हाई कोर्ट ने फिल्म के प्रोड्यूसर जे मुरली मनोहर और उनके प्रोडक्शन हाउस, मीडियावन ग्लोबल एंटरटेनमेंट लिमिटेड पर 2.52 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यही नहीं, कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा है कि मेकर्स या तो चार हफ्ते के अंदर यह जुर्माना चुकाएं या फिर छह महीने जेल की सजा भुगतने के लिए तैयार हो जाएं। 'कोचादाइयां' को रजीनकांत की बेटी सौंदर्या रजनीकांत ने डायरेक्ट किया है। फिल्मो में रजनीकांत और दीपिका पादुकोण के अलावा जैकी श्रॉफ भी थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। लेकिन रजनीकांत के कारण इसने खूब चर्चा बटोरी थी। हाई कोर्ट का यह मामला असल में एक एडवरटाइजिंग एजेंसी को मुआवजा देने और चेक बाउंस होने से जुड़ा है। मद्रास हाई कोर्ट के जस्टिस सुंदर मोहन ने फिल्मे के प्रोड्यूसर जे मुरली मनोहर और उनकी प्रोडक्शन कंपनी द्वारा दायर एक क्रिमिनल रिवीजन केस को कुछ हद तक मंजूरी दी है। यह केस 2021 में एक मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा उन्हें दी गई सजा और 2023 में एक सिटी सिविल कोर्ट द्वारा कन्फर्म किए जाने के खिलाफ दायर किया गया था।

हाई कोर्ट ने मनोहर को 4 हफ्ते के अंदर एडवरटाइजिंग एजेंसी, 'एडब्यूरो एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड' को 2.52 करोड़ देने या 6 महीने जेल की सजा भुगतने का निर्देश दिया है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने और गड़बड़ियों पर सवाल उठाने के बाद, फैसला सुनाया कि ऐड एजेंसी ने सिर्फ 10 करोड़ उधार दिए थे और उसे 8.74 करोड़ चुका दिए गए थे, जिससे 1.26 करोड़ का बैलेंस रह गया।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने इंडस्ट्री के लड़कों और उनके प्यार पर कसा तंज, कहा- ऑडिट करा लो



भोजपुरी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर चर्चा बटोरती हैं। इसका एक उदाहरण पवन सिंह के साथ उनका रिश्ता है, जिसने एक समय में काफी सुर्खियां बटोरी थीं। अब एक बार फिर एक्ट्रेस का पोस्ट काफी चर्चा में है। इसमें उन्होंने बताया है कि इंडस्ट्री में आजकल का प्यार कैसा होता है। इसके साथ ही बैकग्राउंड में एक गाना भी लगाया है। दरअसल, अक्षरा सिंह ने शुक्रवार, 6 फरवरी को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए तंज कसा है। उन्होंने लिखा कि इंडस्ट्री के लड़कों को पहले सभी से अप्रूवल करवाने के बाद ही प्यार करना चाहिए। एक्ट्रेस ने स्टोरीज सेक्शन पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसके साथ उन्होंने 'कोई अपना होगा' गाना भी लगाया। आजकल इंडस्ट्री के लड़कों को प्यार करने से पहले एक चेकलिस्ट बना लेनी चाहिए। पहले मम्मी-पापा से एनओसी, फिर लड़की की जात पूछ लो, उसका पास्ट वर्जन हिस्ट्री डाउनलोड कर लो, और कितने अफेयर रहे उसका ऑडिट करा लो ताकि बाद में दिल नहीं, सीधे फैमिली मीटिंग टूटे। प्यार तो बस ट्रेलर है, असली फिल्म तो समाज की अप्रूवल के बाद ही रिलीज होती है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'आजकल इंडस्ट्री के लड़कों को प्यार करने से पहले एक चेकलिस्ट बना लेनी चाहिए। पहले मम्मी-पापा से एनओसी, फिर लड़की की जात पूछ लो, उसका पास्ट वर्जन हिस्ट्री डाउनलोड कर लो, और कितने अफेयर रहे उसका ऑडिट करा लो ताकि बाद में दिल नहीं, सीधे फैमिली मीटिंग टूटे। प्यार तो बस ट्रेलर है, असली फिल्म तो समाज की अप्रूवल के बाद ही रिलीज होती है।'

## टेक से विंटेज तक

लाइफ स्टाइल



2026 में इंडियन वियर एक खास दौर से गुज़र रहा है। यह क्राफ्ट पर आधारित है लेकिन इसे एक नए, मॉडर्न अंदाज़ में स्टाइल किया गया है। इसका नतीजा है कॉन्फिडेंट ड्रेसिंग जो दिन के प्लान से लेकर बड़ी रातों तक आसानी से पहनी जा सकती है। टेक्नालॉजी से लेकर विंटेज तक अब क्राफ्ट आधारित इंडियन वियर की धूम है।

## लहंगे के साथ इस तरह के मिनी पर्स करें कैरी

लहंगे के साथ किस तरह क पर्स को कैरी करना चाहिए। इस बात को जानने के लिए फैशन ट्रेंड को समझना जरूरी होता है।शादी के लिए जब हम बाजार से लहंगा लेते हैं तो उसके साथ की मैचिंग सभी एक्सेसरीज लेते हैं लेकिन मैचिंग पर्स लेना भूल जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लहंगे के साथ कौन-सा मैचिंग पर्स लें। इस तरह के लुक के साथ कौन-से रंग का पर्स मैच करेगा, इस बात को लेकर हम कन्फ्यूज्ड रहते हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए हम कुछ ऐसे मिनी पर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं।

### गोल्डन मिनी पर्स

अगर आपके लहंगे में गोल्डन वर्क किया गया है तो आप लहंगे के साथ गोल्डन कलर का पर्स ले सकते हैं। गोल्डन कलर रॉयल लुक देने में सहायता करता है और ज़्यादातर आउटफिट के साथ ये मिनी पर्स काफी अच्छे लगते हैं। गोल्डन रंग के मिनी पर्स के डिज़ाइन में आपको मार्केट में आराम से मिल जाएंगे साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी आप ये पर्स ले सकते हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह आप इस तरह पर्स को सस्ते दाम में खरीद सकते हैं और लहंगे के साथ इन पर्स को कैरी कर सकते हैं।

### ऑफ व्हाइट पर्स

लहंगे के साथ आप ऑफ व्हाइट कलर का पर्स भी कैरी कर सकती हैं। ऑफ व्हाइट कलर के काफी काफी सिंपल हैं और ये हर तरह के ऑउटफिट के साथ मैच करेगा। वहीं अगर आप लाइट रंग का आउटफिट कैरी कर रहे हैं तब भी आप इस तरह का पर्स अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसमें पर्ल वर्क वाले डिजाइंस को भी चुन सकते हैं। पर्ल वर्क में आपको हैवी से लेकर लेस डिजाइन में काफी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे।



### पोटली स्टाइल क्लच

वहीं इन दिनों पिंक कलर के लहंगे भी ट्रेंड में हैं और अगर आप इस कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो तो आप पिंक कलर में मल्टी स्टोन्स वाले मिनी पर्स भी आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं। परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप इसमें पोटली स्टाइल बैग्स को कैरी कर सकती हैं।" जिसमें क्लच एम्ब्रॉयडरी की गयी है जो आप शादी जैसे इवेंट में कैरी कर सकती हैं।

## ऑफिस में बेल बॉटम जींस के साथ वियर करें कुर्ती



जींस के साथ इस बार टॉप नहीं कुर्ती को स्टाइल करें। इसमें आप खूबसूरत भी नजर आएगी।जींस पहनना आप पसंद करती हैं तो इसके साथ इस बार टॉप की जगह कुर्ती को वियर करें। कुर्ती में काफी सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस या किसी खास दिन में वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा आएगा। साथ ही आप कम्फर्टेबल नजर आएगी। बस आपको डिजाइन और पैटर्न का ध्यान रखना पड़ेगा ताकि जब आप इसे वियर करें तो किसी तरह की कोई परेशानी न हो। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की कुर्ती को आप वियर कर सकती हैं।



### फ्रंट कट स्टाइल कुर्ती

अगर आपको स्टाइलिश लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप बेल बॉटम पैंट के साथ फ्रंट कट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप कॉलेज, ऑफिस या रेगुलर दिनों में भी स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप प्रिंटेड कुर्ती वियर करेंगी तो ज्यादा अच्छी लगेंगी। साथ ही अगर आपके जींस का कलर लाइट है तो आप डार्क कलर कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।



### पेप्लम स्टाइल कुर्ती

कुर्ती में काफी सारे नए-नए ऑप्शन मिल जाएंगे। आप इस बार बैल बॉटम जींस के साथ पेप्लम स्टाइल कुर्ती को वियर करें। इसके लिए आप चिकनकारी वर्क वाली कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का पैटर्न ट्रेंड में भी है और पहनने के बाद अच्छी लगती है। इसे आप किसी भी कलर में खरीदकर ब्लू कलर बैल बॉटम जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाती है।

## अपनी फटी हुई एड़ियों को इस तरह करें मॉइश्चराइज

बदलते हुए मौमस में जहां हम अपने चेहरे और हाथों की देखभाल करते केयर कर लेते हैं तो वहीं पैरों के मामले में थोड़ा केयरलेस हो जाते हैं। पैरों की त्वचा का सही तरीके से ध्यान नहीं रखने से एड़ियां फट जाती हैं जिसकी वजह से इनकी कोमलता खो जाती है। अब आप घर पर ही फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे आसान उपाय, जिनसे आपको पैरों की त्वचा का ख्याल रखने में मदद करेंगी।

**शहद :** फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज करने के लिए शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद में एमिनो एसिड्स, विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन, जिंक एंड एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई गुण होते हैं जो फटी हुई एड़ियों को हील करने में मदद करते हैं।

**घी:** शहद के अलावा फटी हुई एड़ियों को हील करने के लिए घी का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। घी में फैटी एसिड्स की अच्छी मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें कई सारे विटामिन भी होते हैं जो फटी हुई एड़ियां ठीक करने का काम भी करते हैं।



**एलोवेरा :** एलोवेरा भी फटी हुई एड़ियों को ठीक करने में उपयोगी है। एलोवेरा औषधीय गुणों से भरपूर है। फटी हुई एड़ियों पर एलोवेरा जेल को लगाने से त्वचा कोमल और मुलायम रहती हैं।

**नारियल तेल:** नारियल तेल को प्राकृतिक मॉइस्चराइजर कहा जाता है। जहां नारियल का तेल बालों और त्वचा के उपयोगी है तो वहीं फटी एड़ियों की दरारों को कम करने में नारियल तेल उपयोगी है।

**दूध की मलाई:** दूध की मलाई भी फटी एड़ियों को ठीक करने का काम करती है। मलाई प्राकृतिक उपाय है।

## स्किन टाइप के अनुसार लें आफ्टरशेव लोशन

शेविंग के बाद कई लोगों को जलन की शिकायत होती है। ये समस्या आफ्टर शेव लोशन लगाने के बाद बढ़ जाती है। शेविंग के बाद जलन होना आम है। लेकिन आफ्टर शेव लगाने के बाद जलन की कई वजहें हो सकती हैं। ऐसा स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करने से भी हो सकता है।

किसी भी अच्छी मेंस शेविंग किट में आफ्टर शेव लोशन का होना बहुत जरूरी है। क्योंकि, शेविंग के बाद स्किन को फाइनल टच देने का काम अच्छे आफ्टर शेव के बिना करना मुश्किल है। ये फाइनल टच स्किन के लिए किसी असरदार दवा जैसा ही काम करता है। आफ्टर शेव न सिर्फ हमें एक्ने / पिंपल बल्कि इनग्रोन बाल और असमान स्किन टोन से भी राहत देता है।

कई पुरुष आफ्टर शेव से होने वाली सनसनाहट से बचने के लिए आफ्टर शेव का प्रयोग नहीं करना चाहते हैं।



जबकि ये शेविंग की पूरी प्रक्रिया का सबसे अहम हिस्सा है। मेरी आपको यही सलाह है कि शेविंग के बाद हमेशा आफ्टर शेव का इस्तेमाल करें।

आफ्टर शेव किसी एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और ये रेजर से कट लगने के कारण होने वाले किसी भी इंफेक्शन से भी बचाने में मदद करता है। लेकिन आफ्टर शेव लोशन वही इस्तेमाल करें जो आपकी स्किन टाइप को सूट करता हो। वैसे तो मार्केट में ढेरों किस्म के आफ्टर शेव लोशन और बाम उपलब्ध हैं। लेकिन कंफ्यूजन हमेशा इसी बात पर होता है कि हमारे लिए बेस्ट कौन सा है?

### क्यों जरूरी हैं आफ्टर शेव लोशन?

आफ्टर शेव लोशन का आविष्कार मूल रूप से शेविंग के दौरान लगने वाले छोटे कट्स के उपचार और एंटीसेप्टिक उत्पाद के रूप में किया गया था। ये आपको शेविंग के दौरान बेहतर अहसास और फिनिश का भी अहसास कराता है। आफ्टर शेव लोशन की सबसे महत्वपूर्ण सामग्री अल्कोहल है।

अधिकांश पुरुषों की स्किन के लिए अल्कोहल अच्छी तरह से काम करता है। हालांकि कुछ स्किन टाइप पर अगर अल्कोहल की अधिक मात्रा का प्रयोग किया जाए तो ये स्किन में जलन, लालिमा और सूजन जैसे प्रभाव भी छोड़ सकता है।

कार्नर न्यूज

### फैशन के हिसाब से खरीदें जींस, मिलेगा स्मार्ट लुक

## जींस में दिखना है एक्स्ट्रा स्मार्ट तो ध्यान दें इन टिप्स पर, लोग तारीफ करेंगे आपकी समझदारी

जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं।

जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-

### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी।

पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।



### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

### ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है। रात वाले मौकों पर तो ये बहुत ही अच्छी लगती है।

### कॉन्फिडेंस वाला फिट

जींस की जिस फिट को पहनकर आपको कॉन्फिडेंस महसूस हो, मान लीजिए कि वही आपके लिए बेस्ट जींस है। मतलब आपको फैशन की लहर में नहीं बहना है। बल्कि फिटिंग को अपनी बॉडी के हिसाब से ही चुनें।

